वैशाख शुक्ल - 10 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 11 ▪ अंक - 288 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » शुक्रवार » 17-05-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 'नरकगामी' और 'पाप का प्रतीक' है सपा-कांग्रेस का गठबंधन : योगी

6 यूपी में मिशन 80 का लक्ष्य साधती 'मोदी-योगी' की जोड़ी

7 फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन खिताब से समानित हुयी शबाना आजमी

## फर्स्ट टेक

### चारधाम के वीआईपी दर्शन 31 मई के बाद होंगे

**देहरादून/भाषा।** चारों धामों में श्रद्धालुओं की उमड़ रही भारी भीड़ के मद्देनजर उत्तराखंड सरकार ने बृहस्पतिवार को 31 मई तक वीआईपी दर्शन की व्यवस्था न करने तथा हरिद्वार और ऋषिकेश में ऑफलाइन पंजीकरण 19 मई तक बंद रखने का निर्णय लिया। चार धाम यात्रा 10 मई को शुरू हुई थी और आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, बुधवार तक पहले छह दिन में ही देश-विदेश के 3,34,732 श्रद्धालु इनके दर्शन के लिए पहुंच चुके हैं। 25 अप्रैल को चारधामों के लिए पंजीकरण शुरू किया गया था और बृहस्पतिवार शाम तक 27 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं के पंजीकरण किए जा चुके हैं। प्रदेश की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को भेजे एक पत्र में कहा है कि शुरूआती दिनों में ही पवित्र धामों में श्रद्धालुओं की अप्रत्याशित संख्या को देखते हुए भीड़ के बेहतर प्रबंधन के लिए 31 मई तक वीआईपी दर्शन की व्यवस्था नहीं करने का निर्णय लिया गया है।

### रिलायंस जियो ने स्पेक्ट्रम नीलामी के लिए 3,000 करोड़ का बयाना दिया

**नई दिल्ली/भाषा।** देश की सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो ने आगामी स्पेक्ट्रम नीलामी में हिस्सा लेने के लिए सर्वाधिक 3,000 करोड़ रुपये की बयाना राशि जमा की है। दूरसंचार विभाग की तरफ से बृहस्पतिवार को जारी विवरण के मुताबिक, भारती एयरटेल ने स्पेक्ट्रम नीलामी के लिए 1,050 करोड़ रुपये और वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) ने 300 करोड़ रुपये की अग्रिम राशि जमा कराई है। कंपनियों को जमा की गई बयाना राशि के आधार पर अंक मिलते हैं, जो उन्हें अपने मनचाहे सर्किलों की संख्या और स्पेक्ट्रम की मात्रा के लिए बोली लगाने में सक्षम बनाता है। अधिक अंक होने का मतलब कंपनी की बोली लगाने की उच्च क्षमता है।

### जैश-ए-मोहम्मद के शीर्ष आतंकी की कई संपत्ति कुर्क की एनआईए ने

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पाकिस्तान से संचालित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के शीर्ष आतंकी की कश्मीर में स्थित सात अचल संपत्ति कुर्क कर ली है। केंद्रीय एजेंसी द्वारा बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। एजेंसी ने बताया कि आतंकवादी सरताज अहमद मंटू की पुलावाम जिले के किसारीगाम स्थित 19 मरला 84 वर्ग फुट जमीन सहित कई संपत्ति बुधवार को जम्मू की विशेष एनआईए अदालत के आदेश के आधार पर कुर्क की गई।

सूर्यास्त 17-05-2024 6:27 बजे | सूर्योदय 18-05-2024 5:42 बजे

| BSE | NSE |
| --- | --- |
| 73,663.72 | 22,403.85 |
| (+676.69) | (+203.30) |

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 7,505 रु. | 90,700 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### सर्वधर्म समभाव

अगर सभी पढ़ कर समझें,
रामायण बाइबिल और कुरान।
गुरुवाणी का भी करें पाठ,
महावीर बुद्ध पर धरें ध्यान।
समझें यदि सबका सार तत्व,
वैदिक वैज्ञानिक सोच जान।
समभाव और समरसता से,
जानें भारत है क्यों महान।।

## चार जून के बाद खटाखट-खटाखट टूटकर बिखर जाएगा इंडी गठबंधन : नरेन्द्र मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**प्रतापगढ़ (उप्र)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को तीसरी बार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनने का दावा करते हुए कहा कि पूरा देश कह रहा है कि इस सरकार (भाजपा-राजग) का तीसरा कार्यकाल और दमदार होगा। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए दावा किया, ''चार जून के बाद मोदी सरकार बनेगी ही बनेगी, लेकिन इतना भर ही नहीं, चार जून के बाद 'इंडी' गठबंधन खटाखट-खटाखट टूटकर बिखर जाएगा।''

प्रधानमंत्री ने यहां राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ के मैदान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार संगम लाल गुप्ता के समर्थन में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, ''पूरा देश कह रहा है कि इस सरकार का तीसरा कार्यकाल और दमदार होगा।'' उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए दावा किया, ''चार जून के बाद मोदी सरकार बनेगी ही बनेगी, लेकिन इतना भर ही नहीं, चार जून के बाद 'इंडी' गठबंधन खटाखट-खटाखट टूटकर बिखर जाएगा।''

विपक्षी 'इंडि' गठबंधन पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा, ''इंडी गठबंधन वाले देश से भाजपा-राजग की स्थिर सरकार हटाना चाहते हैं और इनके पास सरकार चलाने का फार्मूला है कि वे पांच साल में पांच दलों के पांच 'पीएम' (प्रधानमंत्री) बनाएंगे।''

#### मालीवाल से 'मारपीट' के मामले में

## केजरीवाल के पीए के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली पुलिस ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से कथित 'मारपीट' के संबंध में बृहस्पतिवार को एक प्राथमिकी दर्ज की और उनके निजी सहायक विभव कुमार को आरोपी बनाया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि यह प्राथमिकी महिलाओं के खिलाफ हिंसा के अपराध से संबंधित भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत दर्ज की गई।

मालीवाल द्वारा कई पन्नों की शिकायत दर्ज कराने के बाद मुकदमा दर्ज किया गया है।

### बेंगलूरु में संदिग्ध हालात में एक छात्रा का शव मिला

**बेंगलूरु/भाषा।** बेंगलूरु में 12वीं कक्षा की छात्रा का शव संदिग्ध हालात में उसके घर में पाया गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना की बारे में बुधवार शाम करीब सात बजे पता चला। उसने बताया कि प्रभुध्या (21) अपनी मां और भाई के साथ सुब्रमण्यमपुरा में रहती थी।

पुलिस ने बताया कि बुधवार शाम को वह अपने घर के शौचलय में मृत मिली, उसका गला और कलाई कटे हुए थे। बताया जाता है कि ज्यादा खून बहने के कारण उसकी मौत हुई।

बेंगलूरु (दक्षिण) के पुलिस उपायुक्त लोकेश बी. ने बताया कि जांच जारी है।

#### लोकसभा चुनाव में

## 200 सीटों के लिए भी भाजपा को संघर्ष करना पड़ेगा : खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**भुवनेश्वर/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र में अगली सरकार 'इंडिया' गठबंधन का बनने के प्रति भरोसा जताते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके सहयोगी दलों को 200 सीटें पाने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा क्योंकि लोग उनकी नीतियों का विरोध कर रहे हैं।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के इस बार 400 से अधिक सीट हासिल करने संबंधी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दावे का जिक्र करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने सवाल किया, ''भाजपा को ये सीटें कहां से मिलेंगी? आप (मोदी) दक्षिण भारत में कहीं नजर नहीं आ रहे हैं। देश के बाकी हिस्सों में सीटें आधी हो जाएंगी। भाजपा केंद्र में सरकार नहीं बना पाएगी, उसे 200 सीटें हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा।''

खरगे ने संवाददाता सम्मेलन में कहा राजग के सहयोगी दलों को कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, ''आप ओडिशा में भी समस्याओं का सामना कर रहे हैं क्योंकि बीजद और भाजपा दोनों से तंग आ चुके लोग कांग्रेस को वोट देने के मूड में हैं।''

बीजू जनता दल (बीजद) और भाजपा दोनों पर निशाना साधते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि नवीन पटनायक के नेतृत्व वाली सरकार सत्ता से बाहर हो जाएगी और कांग्रेस राज्य में सरकार बनाएगी।

## देश को मजबूत प्रधानमंत्री चाहिए : अमित शाह



**सीतामढी/मधुबनी/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को विपक्षी 'इंडि' गठबंधन पर प्रहार करते हुए कहा कि देश को एक मजबूत प्रधानमंत्री चाहिए, न कि बारी-बारी, एक-एक साल के लिए प्रधानमंत्री।

बिहार के सीतामढी और मधुबनी में राजग उम्मीदवारों के पक्ष में अलग-अलग रैलियों को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, ''इंडि गठबंधन वालों का कुछ होना नहीं है। पर मान लीजिए, वे स्वप्न में भी जीत जाते हैं। वैसे जीतेंगे तो नहीं, मोदी जी ही 400 पार कराने वाले हैं। मगर जीत गए तो उनका प्रधानमंत्री पद के लिए उम्मीदवार कौन होगा। ममता बनर्जी बन सकती हैं क्या, लालू जी बन सकते हैं क्या, स्टालिन बन सकते हैं क्या, शरद पवार जी बन सकते हैं क्या, जब इंडि गठबंधन वालों से पूछा गया कि आपका प्रधानमंत्री का प्रत्याशी कौन है तो उन्होंने कहा, बारी-बारी एक-एक साल बनेगें। अरे यह परचून की दुकान है क्या कि भागीदारी पीढ़ी दर पीढ़ी चलेगी।'' उन्होंने कहा, ''देश को एक मजबूत प्रधानमंत्री चाहिए जो उसे सभी खतरों से बाहर निकाल ले। कोरोना जैसी महामारी आ जाए तो देश का नेतृत्व करे। देश को अगर हर संकट से कोई बचा सकता है तो वह मोदी जी बचा सकते हैं।'' उन्होंने कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का काम नरेन्द्र मोदी जी ने किया।

शाह ने कहा, ''मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बना दीजिए, गौ हत्या करने वालों को उल्टा लटकाकर सीधा करने का काम करेंगे। ये सीता माता की धरती है, न गाय की हत्या होने देंगे, न तस्करी होने देंगे। ये मोदी जी का वादा है।''



### माधवीराजे सिंधिया पंचतत्व में विलीन, ज्योतिरादित्य ने दी मुखाग्नि

**ग्वालियर/एजेन्सी।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की माताजी श्रीमती माधवीराजे सिंधिया की आज यहां हजारों लोगों की मौजूदगी में अंत्येष्टि की गयी। स्थानीय छत्री क्षेत्र में श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपनी माताजी के पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी। परिजनों, सगे संबंधियों, राजनेताओं और हजारों लोगों ने नम आंखों से श्रीमती माधवीराजे सिंधिया को अंतिम विदायी दी। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने श्रीमती सिंधिया की पार्थिवदेह के दर्शन कर उनके चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### ईडी ने चावल मिल 'घोटाला' मामले में एक और को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने 175 करोड़ रुपये के कथित चावल मिल घोटाले के मामले में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। ईडी ने छत्तीसगढ़ चावल मिल मालिक एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष को हिरासत में लिया था, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। धमतरी जिले के कुरूद स्थित चावल मिल मालिक रोशन चंद्राकर को बुधवार को गिरफ्तार किया गया।

#### पूजा



केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बृहस्पतिवार को नासिक के प्रसिद्ध कालाराम मंदिर में पूजा की। सूत्रों ने बताया कि इस अवसर पर मंदिर पदाधिकारियों ने उन्हें एक 'महावस्त्र' (शॉल) और भगवान राम की एक मूर्ति भेंट की। जयशंकर यहां एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पहुंचे हैं। मंत्री ने कहा कि भगवान राम के दर्शन करने के बाद उन्हें खुशी हुई। जयशंकर ने कहा, ''उन्होंने भगवान से भारत को एक महाशक्ति बनाने और सभी भारतीयों की खुशी के लिए प्रार्थना की।'' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनवरी में अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा से पहले इस मंदिर में पूजा की थी।

### झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम को छह दिन के लिए ईडी की रिमांड पर भेजा गया

**रांची/भाषा।** धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत ने धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए गए झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम को बृहस्पतिवार को छह दिनों के लिए केंद्रीय एजेंसी की हिरासत में भेज दिया। वकीलों ने यह जानकारी दी। ईडी ने आलम के लिए 10 दिन की रिमांड मांगी थी। आलम के वकील किशलय प्रसाद ने कहा कि मंत्री की छह दिन की रिमांड शुक्रवार से शुरू होगी। प्रसाद ने कहा, ''आज, वह न्यायिक हिरासत में हैं। आलम के खिलाफ कोई विशिष्ट आरोप नहीं हैं। सब कुछ अस्पष्ट है। उन्होंने (ईडी) न तो किसी ऐसे व्यक्ति के नाम का खुलासा किया, जिसने पैसे लिये हैं और न ही अपराध किसने किया, इसका जिक्र है। मंत्री इसमें सीधे तौर पर शामिल नहीं हैं।

## यदि पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी हैं तो भारत उसे पहनायेगा : कंगना रनौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**शिमला/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता एवं अभिनेत्री कंगना रनौत ने विपक्षी नेताओं की ''पाकिस्तान समर्थक'' टिप्पणियों को लेकर बृहस्पतिवार को उनकी आलोचना की और कहा कि यदि पड़ोसी देश ने चूड़ियां नहीं पहनी हैं, तो भारत उसे चूड़ियां पहनाएगा।

मंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रनौत ने कुल्लू में एक जनसभा में कहा, ''हम जानते हैं कि पाकिस्तान को आटा और बिजली की जरूरत है। लेकिन हमें यह नहीं पता था कि उसके पास चूड़ियां भी नहीं हैं।''

नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने हाल में कहा था कि ''पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी हैं'' और उसके पास परमाणु बम है।

कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने एक वीडियो जारी कर कहा था, ''भारत को पाकिस्तान का सम्मान करना चाहिए क्योंकि वह एक संप्रभु राष्ट्र है और उसके साथ संवाद कायम करना चाहिए क्योंकि उसके पास भी परमाणु बम है।''

बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कंगना ने कहा, ''वो कहते हैं, पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी हैं...अरे भाई, नहीं पहनी है तो हम पहना देंगे।'' उन्होंने कहा कि भारत एक अस्थिर और कमजोर कांग्रेस सरकार नहीं चाहता है।

रनौत ने कहा कि कांग्रेस दलितों, महादलितों और आदिवासियों का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देना चाहती है लेकिन प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) ऐसा कभी नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी न तो संविधान के साथ छेड़छाड़ करने देंगे और न ही धर्म के आधार पर आरक्षण देंगे।

## जिनपिंग, पुतिन ने लिए अहम फैसले

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बीजिंग/एजेन्सी।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच गुरुवार को यहां बीजिंग ग्रेट हॉल ऑफ द पीपुल में एकांत में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें दोनों नेताओं ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नाटो के रुख को 'विनाशकारी' करार देने के साथ ही पूर्वोत्तर एशिया में शक्ति संतुलन को बदल कर अमेरिकी आधिपत्य स्थापित करने के प्रयासों की निंदा की।

अपने पांचवे कार्यकाल के लिए शपथ ग्रहण करने के बाद श्री पुतिन पहली विदेश यात्रा पर दो दिन की चीन की राजकीय यात्रा पर बीजिंग आये हैं। चीनी राष्ट्रपति ने आज यहां अपने पुराने मित्र रूसी राष्ट्रपति का पारंपरिक ढंग से भव्य स्वागत किया। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय, क्षेत्रीय एवं महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर गहन विचार विमर्श किया।

पुतिन ने अपने बयान में चीनी राष्ट्रपति के साथ उनकी बातचीत को असाधारण, गहन और सार्थक करार दिया। उन्होंने कहा, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ हमारी आज की असाधारण गहन और सार्थक वार्ता को जारी रखते हुए द्विपक्षीय सहयोग के मौजूदा मुद्दों पर चर्चा करके बहुत खुश हूं। उन्होंने कहा कि चीनी राष्ट्रपति के साथ बातचीत के बाद संयुक्त वक्तव्य में चीन रूस द्विपक्षीय संबंधों के विकास के लिए दीर्घकालिक दिशानिर्देश तय किये गये हैं।

शी ने रूस के राष्ट्रपति के रूप में पांचवी बार शपथ लेने के लिए श्री पुतिन और रूस के लोगों को बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया कि श्री पुतिन के नेतृत्व में रूस विकास के पथ पर निश्चित रूप से और अधिक प्रगति करेगा। चीन के राष्ट्रपति ने चीन-रूस के बीच राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह अवसर दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में एक पड़ाव है। तीन चौथाई सदी के दौरान उतार-चढ़ाव के बावजूद चीन-रूस संबंध लगातार मजबूत हुए हैं और बदलते अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य की कसौटी पर खरे उतरे हैं।

चीनी राष्ट्रपति ने कहा कि यह रिश्ता प्रमुख देशों और पड़ोसी देशों के लिए एक-दूसरे के साथ सम्मान और स्पष्टता के साथ व्यवहार करने और दोस्ती और पारस्परिक लाभ को आगे बढ़ाने का एक अच्छा उदाहरण बन गया है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में वह और श्री पुतिन 40 से अधिक बार मिल चुके हैं और गहरे संपर्क में रहे हैं। चीन-रूस संबंध कड़ी मेहनत से बनाए गए हैं और दोनों पक्षों को इसे संजोने और पोषित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि चीन-रूस संबंधों का स्थिर विकास न केवल दोनों देशों और दोनों लोगों के बुनियादी हितों में है बल्कि क्षेत्र और दुनिया भर में शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए भी अनुकूल है।श्री शी ने कहा कि नई यात्रा में चीन एक-दूसरे का अच्छा पड़ोसी, अच्छा दोस्त और एक-दूसरे पर भरोसा करने वाला अच्छा साझेदार बने रहने के साथ-साथ दोनों लोगों के बीच स्थायी मित्रता को मजबूत करने, संयुक्त रूप से संबंधित राष्ट्रीय विकास एवं पुनरोद्धार को आगे बढ़ाने और दुनिया में निष्पक्षता एवं न्याय कायम रखने के लिए रूस के साथ काम करने के लिए तैयार है।




## 'जीतो' साउथ लेडीज व चेन्नई विंग ने आयोजित की ऑनलाइन जेबीएन बैठक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** जीतो लेडीज विंग बेंगलूरु साउथ और चेन्नई विंग द्वारा इंटर जोन ऑनलाइन जीतो बिजनेस नेटवर्क रेफरल बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्ष सुनीता गांधी ने स्वागत किया तथा जेबीएन सत्र और उसके लाभ बताए।कार्यक्रम का संचालन चेन्नई जेबीएन कन्वेनर प्रियंका बरडिया ने किया। एपेक्स जेएलडब्ल्यू जेबीएन संयोजिका ज्योति जैन ने बैठक को संबोधित करते हुए रेफरल महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि यह महिलाओं के लिए अपने व्यवसाय में आगे आने का एक अवसर है । केकेजी जोन जेएलडब्ल्यू संयोजिका यशमा जैन ने बताया कि जेबीएन में नया कनेक्शन बनाते और नेटवर्क बढ़ाते हुए एक सामान्य लक्ष्य साझा करते हैं । विभिन्न राज्यों से जुड़ने के लिए इंटरजोन मीटिंग के महत्व को भी साझा किया गया। जेएलडब्ल्यू चेन्नई चैप्टर जेबीएन सह संयोजिका अंजना मरलेचा ने सभी रेफ़रल प्रतिभागियों का प्रश्नोत्तरी सत्र किया।

लेडीज विंग साउथ की मुख्य सचिव मोनिका पिरगल और टीएनएपीटीएस जोन की संयोजिका सरला भूतोरिया ने टीम को शुभकामनाएं दी।

सहसंयोजिका बबीता रायसोनी का परिचय दिया। बबीता रायसोनी ने जेबीएन के महत्व को बताते हुए कहा कि इस तरह की बैठकों से हमें एक दूसरे से अपने अनुभव के बारे में बात करने से कुछ नया सीखने को मिलता है, यह तभी होता है जब आप समय का निवेश करते हैं। बैठक में कुल 45 प्रतिभागी शामिल हुए, प्रत्येक प्रतिभागियों ने 30 सेकंड में अपने व्यवसाय का विवरण बताने का समय दिया गया। जेबीएन संयोजिकर प्रियंका बरडिया ने संचालन किया। चेन्नई जीतो लेडीज विंग की मुख्य सचिव सपना बेताला ने धन्यवाद दिया।

# देश के शीर्ष आठ शहरों में जनवरी-मार्च में घरों की कीमतें औसतन 10% बढ़ीं : रिपोर्ट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** देश के आठ प्रमुख शहरों में घरों की औसत कीमतों में जनवरी–मार्च तिमाही में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

बेंगलूरु में सबसे अधिक 19 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। रियल एस्टेट सलाहकार कोलियर्स इंडिया और डेटा एनालिटिक कंपनी लियासेस फोरास ने एक संयुक्त रिपोर्ट में कहा कि इन आठ शहरों में कीमतें चार प्रतिशत से 19 प्रतिशत तक बढ़ी हैं।

आंकड़ों के अनुसार, जनवरी–मार्च, 2024 में बेंगलूरु में औसत आवास की कीमतें सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़कर 10,377 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गईं। यह पिछले साल की समान अवधि में 8,748 रुपये प्रति वर्ग फुट थी।

लियासेस फोरास के प्रबंध निदेशक पंकज कपूर ने कहा, '' भारत के शीर्ष आठ शहरों में मजबूत बिक्री और नई आपूर्ति की शुरुआत के साथ संपत्ति की कीमतों में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है।'' उन्होंने बताया कि आवास कीमतों में 19 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ बेंगलुरु सबसे आगे रहा।

मध्यम मुद्रास्फीति और ब्याज दरों के साथ रियल एस्टेट क्षेत्र में यह मांग बनी रहने की उम्मीद है।

क्रेडाई के अध्यक्ष बोमन ईरानी ने कहा, '' आवास की कीमतों में वृद्धि देश भर में मकान खरीदारों द्वारा मजबूत आवास मांग का प्रत्यक्ष परिणाम है, खासकर प्रीमियम तथा लक्जरी खंड में...''

आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली–राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कीमतें में 16 प्रतिशत, अहमदाबाद तथा पुणे में 13 प्रतिशत, हैदराबाद में नौ प्रतिशत, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में छह प्रतिशत, कोलकाता में सात प्रतिशत और चेन्नई में चार प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

कोलियर्स इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी बादल याग्निक ने कहा, '' भारत में आवासीय रियल एस्टेट को सकारात्मक धारणा से लाभ मिल रहा है। यह आवासीय क्षेत्र की दृढ़ता और गतिशीलता को दर्शाता है। यह स्थिर रेपो दर और भारत के अधिकतर प्रमुख शहरों में बुनियादी ढांचे के विकास से प्रेरित है।''



## मराठवाड़ा क्षेत्र में 1,200 गांव, 455 बस्तियां पानी के टैंकरों पर निर्भर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**छत्रपति संभाजीनगर/भाषा।** महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में लगभग1,200 गांव और 455 बस्तियां पानी के टैंकरों पर निर्भर हैं। राजस्व विभाग के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूखाग्रस्त मराठवाड़ा क्षेत्र में आठ जिले शामिल हैं – छत्रपति संभाजीनगर, जालना, बीड, हिंगोली, धाराशिव, लातूर, परभणी और नांदेड़।

अधिकारी ने बताया कि पिछले वर्ष कम वर्षा के कारण क्षेत्र में पानी की उपलब्धता में गिरावट आयी है। परिणामस्वरूप, कई गांव टैंकरों पर निर्भर हो गए हैं। संभागीय आयुक्त कार्यालय की रिपोर्ट के अनुसार, ''सरकारी एजेंसियां 1,758 टैंकरों के माध्यम से 1,193 गांवों और 455 बस्तियों में पानी पहुंचा रही हैं।'' छत्रपति संभाजीनगर जिले में सबसे अधिक 678 टैंकर तैनात किए गए हैं। ये टैंकर 412 गांवों और 61 बस्तियों में पानी की आपूर्ति कर रहें हैं। एक अधिकारी ने बताया कि पड़ोसी जालना जिले में 488 टैंकर से 329 गांवों और 75 बस्तियों में पानी पहुंचाया गया । रिपोर्ट में कहा गया है कि बीड में 321 गांवों और 293 बस्तियों तक पानी पहुंचाने के लिए 399 टैंकरों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

## सूखा प्रबंधन पर अधिकारियों के साथ अनौपचारिक बैठक आज

**बेंगलूरु।** मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने अधिकारियों के साथ सूखा प्रबंधन और कानूनी स्थिति पर चर्चा के लिए एक अनौपचारिक बैठक बुलाई है। लोकसभा चुनाव आदर्श आचार संहिता के तहत शासन स्तर पर कोई बैठक नहीं बुलाये जाने के कारण मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में यह अनौपचारिक बैठक बुलाई। मानसून की बारिश देर से हुई है मानसून की देरी के कारण राज्य के सभी हिस्सों में पेयजल और चारे की समस्या विकराल हो गयी है।

दूसरी ओर, छोटी–छोटी वजहों से लड़कियों की हत्या की जा रही है और अधिकारी चुनाव के बहाने सख्त कार्रवाई नहीं कर रहे हैं, जिससे समस्या दिन–ब–दिन विकराल होती जा रही है। सूखा राहत प्रबंधन और आपातकालीन विकास कार्य करने की अनुमति के लिए चुनाव आयोग को लिखे मुख्यमंत्री के पत्र को मंजूरी नहीं दी गयी है। बैठक की अध्यक्षता मुख्य सचिव करेंगे। इसी वजह से विधानसौधा में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में विभागीय प्रमुख सचिव, सचिव और चुनिंदा मंत्रियों की बैठक बुलाई गयी है। मुख्यमंत्री सूखे और बिजली की समस्या को लेकर अधिकारियों को सलाह देंगे और इस संबंध में कार्रवाई करने का निर्देश देंगे। मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि मॉनसून 30 मई को केरल में प्रवेश करेगा. उन्होंने कहा कि अगर अगले 15 दिनों तक बारिश नहीं हुई तो पेयजल और चारे पर गंभीर असर पड़ेगा, इस पर ध्यान दें।

### कानून व्यवस्था के लिए सख्त कार्रवाई

**कानून** व्यवस्था पर सख्त कार्रवाई करें, छोटी–छोटी वजहों से हत्याएं हो रही हैं, इसे दबाने के लिए एहतियाती कदम उठाएं। मुख्यमंत्री बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करेंगे कि वे पिछले अग्रिम पत्र में घोषित कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिए तैयारी करेंगे, जैसे ही चुनाव आचार संहिता समाप्त होगी, आदेश निकलेंगे और युद्ध स्तर पर काम करने के लिए तैयार रहेंगे। हम इस समय कोई आदेश या सुझाव नहीं दे सकते, लेकिन आपके पास अपनी सीमा के भीतर लोगों की समस्याओं पर प्रतिक्रिया देने का अवसर है। वह सूखे से जूझ रहे ग्रामीण इलाकों पर ध्यान देंगे और यह भी जानकारी लेने का सुझाव देंगे कि केंद्र द्वारा जारी फसल मुआवजे का पैसा सभी किसानों के खाते में पहुंचा है या नहीं। अधिकारियों के अलावा राजस्व, कृषि, नगरपालिका प्रशासन, गृह, शहरी विकास, ग्रामीण और पंचायत राज मंत्रियों के अलावा कैबिनेट के वरिष्ठ सहयोगियों को भी शुक्रवार की बैठक में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है।

## एनआईए के पूर्व महानिदेशक दिनकर गुप्ता को मिली 'जेड प्लस' सुरक्षा



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के पूर्व महानिदेशक दिनकर गुप्ता को खालिस्तान समर्थक तत्वों से संभावित खतरे के मद्देनजर केंद्रीय सरकार ने जेड 'प्लस' श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पंजाब पुलिस के पूर्व महानिदेशक गुप्ता अप्रैल में सेवानिवृत हुए हैं।

सूत्रों के मुताबिक, 1987 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी दिनकर गुप्ता की सुरक्षा का जिम्मा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) को सौंपा गया है। सूत्रों ने बताया कि सीआरपीएफ के करीब 40 कर्मियों की एक टुकड़ी पंजाब और दिल्ली में गुप्ता की मौजूदगी के दौरान अलग–अलग पालियों में उनकी सुरक्षा के लिए तैनात रहेंगी।

सूत्रों के मुताबिक, एनआईए और पंजाब पुलिस में रहते हुए खालिस्तान समर्थक तत्वों और समर्थकों के खिलाफ गुप्ता द्वारा की गयी कार्रवाई की वजह से उनके लिए जेड प्लस सुरक्षा की जरूरत को समझते हुए केंद्रीय एजेंसियों और सुरक्षा एजेंसियों ने खतरे से जुड़ी एक रिपोर्ट तैयार की है।

केंद्र सरकार ने पिछले महीने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और पिछले साल सितंबर में पूर्व रॉ प्रमुख सामंत गोयल को भी समान श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की थी। दोनों के ही खिलाफ इसी तरह के खतरे का पता चला था। दोनों अधिकारियों को सशस्त्र सीआरपीएफ कर्मियों का 'जेड' श्रेणी सुरक्षा कवर दिया गया है। वीआईपी सुरक्षा कवर का वर्गीकरण 'जेड प्लस' से शुरू होता है, उसके बाद 'जेड', 'वाई प्लस',वाई और एक्स होता है।

## केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर शाह का बयान आपत्तिजनकः सिब्बल



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत पर टिप्पणी को लेकर बृहस्पतिवार को गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा और कहा कि यह एक ''आपत्तिजनक बयान'' है जिसमें उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की मंशा पर सवाल उठाया गया है।

शाह ने एक साक्षात्कार में कहा है कि कई लोगों को लगता है कि शीर्ष अदालत ने केजरीवाल के प्रति विशेष रुख अपनाया है।

सिब्बल ने संवाददाताओं से कहा, ''शाह ने आपत्तिजनक बयान दिया है और उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की मंशा पर सवाल उठाया है।''

उनका कहना था कि शाह ने बहुत चतुराई से कहा है कि कई लोग कह रहे हैं कि केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने में विशेष रुख अपनाया गया है।

सिब्बल ने कहा, ''उन्होंने (शाह) कहा है 'लोग कह रहे हैं'। अगर लोग कह रहे हैं और आप उस पर विश्वास नहीं करते हैं, तो ऐसा क्यों कहा है? अगर लोग कहते हैं और आप उस पर विश्वास करते हैं, इसलिए आपने बयान दिया है।''

## सरकारी अस्पताल में चार साल की बच्ची की गलत सर्जरी, जांच के आदेश

**कोझिकोड(केरल)/भाषा।** केरल में कोझिकोड स्थित सरकारी अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा चार साल की बच्ची का बृहस्पतिवार को उंगली की जगह जीभ का ऑपरेशन करने का मामला सामने आया है। परिवार के मुताबिक चिकित्सा महाविद्यालय के मातृत्व एवं बाल देखभाल केंद्र में बच्ची की छठी उंगली को हटाने के लिए सर्जरी की जानी थी। उन्होंने बताया कि गलती तब सामने आई जब सर्जरी के बाद उन्होंने बच्ची के मुंह में रूई देखी जिसके बाद उन्होंने पूरे प्रकरण की अपने स्तर पर जांच की। परिवार के सदस्यों ने बताया कि बारीकी से देखने पर पता चला कि सर्जरी जीभ की, की गई है न कि उसके हाथ की।

घटना पर संज्ञान लेते हुए केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज ने चिकित्सा शिक्षा निदेशक को प्रकरण की जांच करने और विस्तृत रिपोर्ट सौंपने को कहा है। बच्ची इस समय अस्पताल में भर्ती है और परिवार ने पुलिस से शिकायत करने की मंशा जताई है। उन्होंने भारी चूक करने के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। बच्ची के परिवार ने कहा, ''चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल में दोबारा किसी को इस अनुभव से गुजरना नहीं चाहिए।'' उन्होंने कहा कि बच्ची को जीभ में कोई समस्या नहीं थी। परिवार ने कहा कि अगर इस गलती की वजह से बच्ची पर अगर कोई दुष्प्रभाव पड़ता है तो अस्पताल के प्राधिकारियों को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। परिवार के एक सदस्य ने बताया, ''अस्पताल ने हमें सूचित किया कि गलती हुई है क्योंकि उसी दिन दो बच्चों की सर्जरी की जानी थी।''

## मंदिर के बाहर भंडारे में भोजन करने के बाद 90 लोग बीमार, अस्पताल में भर्ती

**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में एक मंदिर के बाहर आयोजित भंडारे में खाना खाने से कई लोगों की तबीयत खराब हो गई और कम से कम 90 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि घटना बुधवार शाम को नायगांव में हुई। उन्होंने बताया, ''शिव मंदिर के बाहर भंडारे का आयोजन किया गया था। भंडारे में श्रद्धालुओं को अम्बील और खीर का प्रसाद दिया गया।''

अधिकारी ने बताया कि 'अम्बील' खाने के बाद श्रद्धालुओं को चक्कर आने के साथ उल्टी होने लगी। उन्होंने बताया, ''शुरुआत में कुछ लोगों को अस्पताल ले जाया गया लेकिन देर शाम कुछ और लोगों ने खाद्य विषाक्तता की शिकायत की। देर रात तक कुल 90 लोगों को विभिन्न अस्पतालों में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।''

अधिकारी ने बताया कि सभी की हालत स्थिर है और वे खतरे से बाहर हैं। उन्होंने बताया कि मामले का संज्ञान लेते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है।

## प्रधानमंत्री मोदी विश्वास खो चुके हैं क्योंकि जनता राजनीतिक बदलाव चाहती है : पवार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नासिक/भाषा।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह (मोदी) अपना विश्वास खो चुके हैं क्योंकि जनता इस बार राजनीतिक बदलाव चाहती है।

पवार ने प्रधानमंत्री मोदी को 'जिरेटोप' पहनाने के लिए अजित पवार नीत राकांपा के नेता प्रफुल्ल पटेल की भी आलोचना की और कहा कि यह पूर्व केंद्रीय मंत्री की 'लाचारी' को दिखाता है। छत्रपति शिवाजी महाराज अक्सर 'जिरेटोप' पहना करते थे। पवार ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, ''लोकसभा चुनावों के दौरान मैं कई जगह प्रचार करने गया। लोगों की मानसिकता (राजनीतिक) अब बदल चुकी है और इस वजह से मोदी अपना विश्वास खो चुके हैं। राज्य में महाविकास अघाडी के समर्थन में हवा है।''

पवार ने मुंबई के घाटकोपर इलाके में बुधवार को रोडशो करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की आलोचना की। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''मोदी ने गुजराती प्रभुत्व वाले एक इलाके में रोड शो किया। जब आप एक देश की अगुवाई कर रहे हैं तब जाति और धर्म के बारे में सोचना सही नहीं है। मुंबई जैसे शहर में रोडशो करना सही चीज नहीं है। लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ा। उन्हें इसकी वजह से परेशानी हुई...इस तरह की शिकायतें प्राप्त हुईं।'' रोडशो से पहले जागृति नगर और घाटकोपर स्टेशन के बीच मुंबई मेट्रो रेल सेवा सुरक्षा कारणों से निलंबित कर दी गयी थी। पुलिस ने रोडशो की वजह से आस–पास की कुछ सड़कों को बंद किया और कुछ पर मार्ग परिवर्तित कर दिये। पवार ने जिरेटोप विवाद पर कहा, ''जिरेटोप और महाराष्ट्र का इतिहास है। लाचारी की भी सीमा होती है। लेकिन अच्छा है कि उन्होंने कहा कि वह भविष्य में इसका ध्यान रखेंगे।'' वाराणसी में नामांकन दाखिल करने से पहले पटेल ने प्रधानमंत्री मोदी के सिर पर 'जिरेटोप' पहनाया, जिसे लेकर विवाद छिड़ गया।

## वाईएसआरसीपी 2019 की तुलना में इस बार ज्यादा सीट जीतेगी : जगन मोहन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**विजयवाड़ा/भाषा।** आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) प्रमुख वाई एस जगन मोहन रेड्डी ने बृहस्पतिवार को विश्वास व्यक्त किया कि उनकी पार्टी 2019 में हुए पिछले चुनावों की तुलना में इस बार ज्यादा सीट जीतेगी। आंध्र प्रदेश में लोकसभा की 25 और विधानसभा की 175 सीट के लिए एक साथ चुनाव हुए हैं।

प्रदेश के मुख्यमंत्री ने यह दावा आई–पैक के कार्यालय के दौरे दौरान किया, जो सत्तारूढ़ दल को चुनाव प्रचार संबंधी और राजनीतिक सेवाएं प्रदान करता है। रेड्डी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, पार्टी इस बार इतिहास रचेगी और पिछली बार से ज्यादा सीट जीतेगी... हाल में संपन्न हुए चुनाव में वाईएसआरसीपी की शानदान जीत निश्चित है। रेड्डी ने 2019 के चुनाव में वाईएसआरसीपी के प्रदर्शन को याद किया जब पार्टी ने विधानसभा की 151 और लोकसभा की 22 सीट जीती थीं। उन्होंने कहा कि पार्टी इस चुनाव में और भी अच्छा प्रदर्शन करेगी।

## महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में 14वीं शताब्दी के मंदिर का पुन:निर्माण कराया जाएगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**छत्रपति संभाजीनगर (महाराष्ट्र)/भाषा।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में 52 साल पहले जायकवाडी बांध के निर्माण के दौरान तोड़े गए 14वीं शताब्दी के शिव मंदिर का पुन:निर्माण कराया जाएगा। महाराष्ट्र पुरातत्व विभाग के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने दावा किया कि राज्य में पहली बार इस तरह किसी धार्मिक स्थल की बहाली का प्रयास किया जा रहा है। जिले (तब औरंगाबाद के नाम से जाना जाता था) की पैठण तहसील के शेवता और सवखेड़ा गांवों में स्थित दो प्राचीन मंदिरों को 1972 में तोड़ दिया गया था क्योंकि बांध का निर्माण पूरा होने के बाद यह क्षेत्र पानी में समा जाता। अधिकारी ने बताया कि पत्थरों को यहां लाकर संरक्षित कर लिया गया है। उन्होंने कहा, ''शेवता में जो मंदिर था उसे यहां सोनेरी महल (एक ऐतिहासिक महल जिसमें अब पुरातत्व विभाग का कार्यालय है) के पास एक पहाड़ी पर स्थापित किया जाएगा। पत्थरों की गिनती पहले ही हो चुकी है और हम उसी आधार पर मंदिर का पुन:निर्माण करेंगे।''

## जम्मू-कश्मीर : कुपवाड़ा में आतंकियों का सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर/भाषा।** सुरक्षा बलों ने बृहस्पतिवार को जम्मू–कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में आतंकवादियों के एक सहयोगी को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से हथियार एवं गोला–बारूद बरामद किया गया। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। हथियारों और गोला–बारूद की बरामदगी 20 मई को कुपवाड़ा जिले में होने वाले मतदान से ठीक चार दिन पहले हुई है, जो बारामूला लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है।

अधिकारियों ने कहा कि सेना, सीमा सुरक्षा बल एवं पुलिस की एक संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए कुपवाड़ा जिले के लोन हेरी इलाके में मुश्ताक अहमद लोन को पकड़ा। उन्होंने कहा कि तलाशी के दौरान सुरक्षा बलों ने आरोपी के कब्जे से मैगजीन के साथ दो पिस्तौल, 10 हथगोले और 54 कारतूस बरामद किये। अधिकारियों ने कहा कि लोन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## विनिवेश के बाद एयर इंडिया नहीं रही सरकार की इकाईः उच्चतम न्यायालय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को एक फैसले में कहा कि जनवरी, 2022 में टाटा समूह के हाथों अधिग्रहीत होने के बाद एयर इंडिया संविधान के अनुच्छेद 12 के तहत सरकार या इसकी इकाई नहीं रही है और इसके खिलाफ मौलिक अधिकार के कथित उल्लंघन का कोई मामला नहीं बनता है।

इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने बंबई उच्च न्यायालय के 20 सितंबर, 2022 के फैसले के खिलाफ दायर अपील को खारिज कर दिया। उच्च न्यायालय में एयर इंडिया के कुछ कर्मचारियों की तरफ से वेतन बढ़ोतरी और पदोन्नति जैसे मसलों को उठाया गया था। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि उच्च न्यायालय ने एयर इंडिया के निजीकरण को आधार बनाते हुए इन रिट याचिकाओं को सुनवाई के लायक न मानते हुए उनका निपटारा कर दिया था।

पीठ ने कहा कि सरकार ने एयर इंडिया के विनिवेश के दौरान अपनी 100 प्रतिशत हिस्सेदारी टाटा समूह की इकाई टैलेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को हस्तांतरित कर दी थी लिहाजा अब इस निजी कंपनी पर उसका कोई प्रशासनिक नियंत्रण या सघन व्यापक नियंत्रण नहीं रह गया है। भारी घाटे में चल रही सरकारी एयरलाइन एयर इंडिया का सरकार ने विनिवेश किया था जिसमें टाटा समूह के हाथ में इसकी कमान आ गई थी। इसके साथ ही पीठ ने कहा, ''अपने विनिवेश के बाद कंपनी का नियंत्रण निजी हाथों में चले जाने के बाद उसे अब एक 'राज्य' की इकाई नहीं माना जा सकता है। अपने विनिवेश के बाद एयर इंडिया संविधान के अनुच्छेद 12 के मुताबिक सरकार की इकाई या इसका साधन नहीं रह गयी है। इसके साथ ही पीठ ने कहा कि एयर इंडिया के अनुच्छेद 12 के तहत 'राज्य' की ईकाई की परिभाषा के दायरे में नहीं आने पर इसे संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत अदालत के रिट क्षेत्राधिकार के अधीन नहीं किया जा सकता है।

उच्चतम न्यायालय की पीठ ने कहा कि अपीलकर्ताओं को न्यायोचित राहत देने से इनकार करने और उन्हें अपनी शिकायतें उचित मंच पर ले जाने के लिए बाध्य करने का उच्च न्यायालय का नजरिया ही एकमात्र उचित और स्वीकार्य दृष्टिकोण था।

## जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल ने अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कटरा/ जम्मू/भाषा।** जम्मू–कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने 29 जून से शुरू होने जा रही वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए बृहस्पतिवार को देश और विदेश से श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया।

सिन्हा ने आह्वान किया कि श्रद्धालु समानता, भाईचारा, मानवता और सौहार्द्र के दूत बनें। कटरा में पूज्य भाईश्री रमेशभाई ओझा द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा में सम्मिलित होने आए सिन्हा ने कहा, ''अगले महीने 29 तारीख से अमरनाथ यात्रा शुरू होने जा रही है। मैं भारत और विदेश के श्रद्धालुओं को बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए आमंत्रित करता हूं। मैं उन्हें बाबा अमरनाथ और माता वैष्णव देवी की पूजा अर्चना के लिए भी प्रोत्साहित करता हूं।'' उन्होंने एक पद 'सोचा था कि तुझसे दूर निकल जाएंगे कहीं, देखा तो हर मकाम तेरी राहगुजर में है'' उद्धृत करते हुए कहा कि ''आपकी सभी यात्राओं में भगवान साथ हैं।''

श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) की घोषणा के मुताबिक दक्षिण कश्मीर में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित पवित्र गुफा की तीर्थ यात्रा 52 दिनों की होगी। यह 29 जून को शुरू होगी और 19 अगस्त को छड़ी मुबारक के साथ संपन्न होगी।

# तमिलनाडु के कई हिस्सों में बारिश से तापमान में गिरावट



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के चेन्नई और आसपास के जिलों में बृहस्पतिवार को हल्की से मध्यम बारिश हुई जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दक्षिणी और पश्चिमी तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में 20 मई तक भारी से बहुत भारी बारिश होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। रात भर रुक-रुक कर हुई बारिश सुबह फिर से शुरू हुई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। तमिलनाडु के दक्षिणी भाग में शिवगंगा, तंजावुर और तिरुवरुर के नदी के मुहाने के आसपास वाले क्षेत्र (डेल्टा) सहित अन्य क्षेत्रों में भी मध्यम से भारी बारिश हुई।

आईएमडी ने एक बुलेटिन में बुधवार को बताया कि दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे सटे दक्षिण श्रीलंका पर चक्रवाती परिसंचरण अब कोमोरिन क्षेत्र और निकटवर्ती दक्षिण तमिलनाडु तट पर है। मौसम विभाग ने राज्य के कई स्थानों पर 20 मई तक हल्की से मध्यम बारिश, बिजली चमकने और एक-दो स्थानों पर 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई है। पट्टुकोट्टई (तंजावुर) में 16 सेमी, सिंगमपुनारी (शिवगंगा) में 14 सेमी और मन्नारगुडी (तिरुवरुर) में 13 सेमी बारिश हुई। इस सप्ताह दक्षिणी और पश्चिमी तमिलनाडु के कई हिस्सों में तथा कावेरी डेल्टा जिलों में भी बारिश हुई।

विरुधुनगर जिले के कोविलनकुलम में आठ सेमी, तिरुपुर जिले के उदुमलाईपेट्टई में छह सेमी और किलानिलाई (पुदुकोट्टई) तथा थंगाचीमादम (रामनाथपुरम) में पांच सेमी वर्षा हुई। इस साल, केरल में दक्षिण-पश्चिम मानसून के 31 मई को दस्तक देने की संभावना है।

## केरल में बढ़ेगी बारिश, आईएमडी ने कई जिलों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बृहस्पतिवार को केरल के अनेक जिलों में 18 से 20 मई के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया और राज्य में अगले कुछ दिन में बारिश बढ़ने के आसार हैं। आईएमडी ने पलक्कड और मलप्पुरम के लिए 18 मई का, पत्तनमथिट्टा, अलप्पुझा और इडुक्की के लिए 19 मई का और राज्य के सात अन्य जिलों के लिए 20 मई का 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया।

उसने यह भी कहा कि 20 मई के लिए कुछ जिलों में 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया है, लेकिन बारिश उतनी ही होगी जितनी 'रेड अलर्ट' में होती है। आईएमडी ने राज्य के 14 जिलों में से नौ में आज के लिए 'यलो अलर्ट' जारी किया है। 'रेड अलर्ट' भारी से अत्यधिक भारी बारिश (24 घंटे में 20 सेंटीमीटर से अधिक) का संकेत देता है, जबकि 'ऑरेंज अलर्ट' बहुत भारी बारिश (6 से 20 सेंटीमीटर) के लिए जारी किया जाता है। 'यलो अलर्ट' 6 से 11 सेंटीमीटर बारिश के पूर्वानुमान पर जारी किया जाता है।



## सीवीआरडीई (डीआरडीओ) आवड़ी का स्वर्ण जयंती समारोह



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** स्वर्ण जयंती समारोह का उद्घाटन समारोह रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के अध्यक्ष की उपस्थिति में लड़ाकू वाहन अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (सीवीआरडीई), अवाडी में बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया। रक्षा मंत्रालय के तहत डीआरडीओ के प्रमुख प्रतिष्ठानों में से एक, लड़ाकू वाहन अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (सीवीआरडीई) ने पिछले 50 वर्षों से रक्षा अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों में देश की आत्मनिर्भरता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस महत्वपूर्ण यात्रा को मनाने के लिए, स्वर्ण जयंती समारोह का उद्घाटन 16 मई को सीवीआरडीई आवड़ी में शुरू किया गया था।

डीआरडीओ के अध्यक्ष और सचिव डीडी (आरएंडडी) डॉ. समीर वी कामत मुख्य अतिथि और प्रोफेसर प्रतीक किशोर, ओएस और डीजी (एसीई) समारोह के सम्मानित अतिथि थे। इस मौके पर डीआरडीओ मुख्यालय/प्रयोगशालाओं के निदेशक, सेना, नौसेना, केन्द्र और राज्य सरकार के अधिकारी, उद्योग भागीदार और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक स्वागत नृत्य से की गई। सीवीआरडीई की उपलब्धियों को प्रतिष्ठित दिग्गजों द्वारा रिकॉर्ड किए गए वीडियो के माध्यम से उजागर किया गया, जिसे समारोह के दौरान प्रसारित किया गया था। सभा को संबोधित करते हुए, मुख्य अतिथि ने बख्तरबंद लड़ाकू वाहन (एएफवी) श्रेणियों में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए सीवीआरडीई के प्रयासों की सराहना की और रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र में उभरते परिदृश्य को अनुकूलित करने के लिए नवाचारों पर अधिक ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया।

अपने विशेष संबोधन के दौरान, सम्मानित अतिथि ने उन सभी दिग्गजों के प्रति आभार व्यक्त किया जिन्होंने प्रतिष्ठान की सफलता में बहुत योगदान दिया है।

स्वर्ण जयंती समारोह के बाद, सीवीआरडीई के प्रमुख उत्पादों को प्रदर्शनी के रूप में प्रदर्शित किया गया और प्रतिनिधियों को प्रत्येक प्रणाली की विशेषताओं के बारे में बताया गया। दोपहर के सत्र में, 21 वीं सदी में टैंक युद्ध – परिचालन और तकनीकी आवश्यकताएं विषय पर एक पैनल चर्चा आयोजित की गई, जिसमें भारतीय सशस्त्र बलों, डीआरडीओ और उद्योग भागीदारों की प्रतिष्ठित हस्तियों के बीच विशेषज्ञ के दृष्टिकोण को साझा किया गया।

## 'काल करै सो आज कर' योजना



**चेन्नई।** दक्षिण रेलवे के चेन्नई मंडल के रेल प्रबंधक विश्वनाथ ईर्या के सुझावानुसार तथा अपर मंडल रेल प्रबंधक तेज प्रताप सिंह के निदेश में, 'काल करै सो आज कर' योजना की शुरूआत कल वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर/चल स्टॉक/आवडी कार्यालय से शुरू की गयी है।

इस योजना के अनुसार जो भी राजभाषा से संबंधित बैठक संपन्न होगी उसके कार्यवृत्त उसी दिन भेजा जाना चाहिए।

आवडी के चलस्टॉक कार्यालय में संपन्न बैठक के कार्यवृत्त उसी दिन एस.सेंदिल कुमार, वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर ने अध्यक्ष की हैसियत से कार्यवृत्त भिजवा दिया। यह योजना चेन्नई मंडल के सभी कार्यालयों में लागू की जाएगी।

## नागापट्टिनम और केकेएस के बीच नौका सेवा की बहाली में देरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/कोलंबो।** विमानन मंत्री निमल सिरिपाला डी सिल्वा ने कहा है कि भारत में नागापट्टिनम और श्रीलंका के उत्तर में जाफना के पास कांकेसंथुराई क्षेत्र के बीच यात्री नौका सेवा की बहाली में फिर से अनिश्चित काल के लिए देरी हो गई है।

डी सिल्वा ने बुधवार को कहा कि तमिलनाडु के नागापट्टिनम और जाफना जिले के कांकेसंथुराई (केकेएस) उपनगर के बीच यात्री नौका सेवा में तकनीकी खामियों के कारण विलंब हुआ है। यह सेवा 13 मई को फिर से शुरू होनी थी।

मंत्री ने इस बात का खुलासा नहीं किया कि किस तरह की तकनीकी खामियां थीं। लगभग 40 वर्षों के बाद पिछले साल अक्टूबर में शुरू की गई यह सेवा खराब मौसम के कारण कुछ ही दिनों बाद रोक दी गई थी। तब से नौका सेवा बहाली में तीन बार देरी हो चुकी है। इसकी बहाली भारत-श्रीलंका समुद्री सहयोग का एक महत्वपूर्ण घटक है।

भारत ने उत्तरी प्रांत में कांकेसंथुराई बंदरगाह के पुनर्वास के लिए श्रीलंका को 63.65 मिलियन अमेरिकी डॉलर की अनुदान सहायता भी बढ़ा दी है। श्रीलंका के उत्तरी क्षेत्र में स्थित, कांकेसंथुराई बंदरगाह लगभग 16 एकड़ क्षेत्र में फैला है। इसे केकेएस बंदरगाह भी कहा जाता है। यह पांडिचेरी में कराईकल बंदरगाह से 104 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। तमिलनाडु में नागापट्टिनम को जाफना के पास कांकेसंथुराई बंदरगाह से जोड़ने वाली सीधी यात्री नौका सेवा साढ़े तीन घंटे में लगभग 111 किलोमीटर की दूरी तय करती है।

नौका सेवा एक निजी ऑपरेटर, इंडश्री फेरी सर्विसेज द्वारा संचालित की जाएगी, जिसे श्रीलंका सरकार (जीओएसएल) के परामर्श से शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एससीआई) द्वारा चुना गया है।

## तमिलनाडु आर्थिक क्षेत्र के लिए देश के बेहतर राज्यों में से एक : डीपी वर्ल्ड

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

DP WORLD

**चेन्नई/नई दिल्ली।** लॉजिस्टिक क्षेत्र की कंपनी डीपी वर्ल्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि आर्थिक क्षेत्र के लिए तमिलनाडु देश के सबसे अच्छे राज्यों में से एक है। इसका कारण यह है कि तमिलनाडु देश में सबसे अधिक औद्योगिकीकृत राज्यों में से एक है। डीपी वर्ल्ड ने चेन्नई में भारत के अपने सबसे बड़े मुक्त व्यापार गोदाम क्षेत्र में परिचालन शुरू कर दिया है। चेन्नई में बना यह केंद्र मुंबई के बाद भारत में कंपनी का दूसरा मुक्त व्यापार गोदाम क्षेत्र (एफटीडब्ल्यूजेड) है। इसे 18 महीने पहले स्थापित किया गया था।

डीपी वर्ल्ड के उपाध्यक्ष (आर्थिक क्षेत्र- भारतीय उपमहाद्वीप और पश्चिम एशिया तथा उत्तरी अफ्रकी) रंजीत रे ने कहा कि चेन्नई को रणनीतिक लाभ भी है क्योंकि यह समुद्री मार्ग के माध्यम से दक्षिण एशिया, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया से जुड़ा हुआ है। तमिलनाडु आर्थिक क्षेत्र के मामले में देश के सबसे अच्छे राज्यों में से एक है। हमने अभी कारोबार शुरू किया है और अब 6 महीने में 15% का उपयोग है। डीपी वर्ल्ड का चेन्नई आर्थिक क्षेत्र छह लाख वर्ग फुट में फैला हुआ है और इसके 20 लाख वर्ग फुट तक बढ़ने की संभावना है। रे ने कहा कि तमिलनाडु पिछले 40-50 साल से देश के सबसे अधिक औद्योगिकीकृत राज्यों में से एक रहा है। डीपी वर्ल्ड का इंटिग्रेटेड चेन्नई बिजनेस पार्क (आईसीबीपी) आर्थिक क्षेत्र प्रमुख बंदरगाहों के 40 किमी के दायरे में स्थित है। इसमें कट्टुपल्ली (15 किमी), एन्नोर (11 किमी),और चेन्नई (2% किमी) शामिल हैं। ये माल परिवहन को सुव्यवस्थित करता है। रे ने कहा कि भारत में डीपी वर्ल्ड के चेन्नई, मुंबई जेएनपीए (जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह प्राधिकरण) में तीन आर्थिक क्षेत्र हैं। कोच्चि में आर्थिक क्षेत्र जल्द चालू होगा। भारत में आर्थिक क्षेत्रों को मुक्त व्यापार क्षेत्र या मुक्त व्यापार भंडारण क्षेत्र भी कहा जाता है। उन्हें देश की सीमाओं के भीतर विदेशी क्षेत्र माना जाता है जहां माल को बिना किसी बाधा के आयात किया जा सकता है।

## केरल के एक ही परिवार के तीन सदस्य तमिलनाडु में कार में मृत मिले

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**थेनी।** तमिलनाडु और केरल की अंतरराज्यीय सीमा के निकट एक वन क्षेत्र में खड़ी कार में बृहस्पतिवार को एक व्यक्ति, उसकी पत्नी और बेटा मृत मिले। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस का मानना है कि संभवत: यह आत्महत्या का मामला है।

घटना स्थल से गुजर रहे श्रमिकों ने देखा कि केरल के पंजीकृत नंबर वाले वाहन में कुछ लोग बेसुध पड़े हैं। उन्होंने कंबम शहर की पुलिस को इस बारे में सूचना दी। कार तमिलनाडु के कंबम से केरल की ओर जाने वाले राजमार्ग के पास एक वन क्षेत्र में खड़ी मिली।

शवों को कार से बाहर निकाला गया और पुलिस ने उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मृतकों की पहचान केरल के कोट्टायम निवासी जॉर्ज, उनकी पत्नी मर्सी और उनके बेटे अखिल के रूप में की। पुलिस का मानना है कि संभवत: तीनों ने जहरीला पदार्थ निगल कर खुदकुशी की होगी।

पुलिस ने बताया कि कपड़े का व्यवसाय करने वाले जॉर्ज पर कथित रूप से कर्ज बढ़ता जा रहा था और परिवार करीब चार दिन पहले कार से घर छोड़कर आ गया था। पुलिस का कहना है कि जांच जारी है।

## विदेशी पोत से चालक दल के बीमार ब्रिटिश सदस्य को बचाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/कोच्चि।** भारतीय तटरक्षक बल ने बृहस्पतिवार को कोच्चि तट के पास एक विदेशी जहाज से चालक दल के गंभीर रूप से बीमार सदस्य को इलाज के लिए सफलतापूर्वक निकाला। एक रक्षा विज्ञप्ति में यह जानकारी देते हुए बताया गया है कि बीमार सदस्य ब्रिटिश नागरिक है।

इस विज्ञप्ति में कहा गया है कि बुधवार रात लगभग नौ बजे 'यूनाइटेड किंगडम एमआरसीसी'' ने मुंबई में 'मैरीटाइम रेस्क्यू कोऑर्डिनेशन सेंटर' (एमआरसीसी) को एक संदेश भेजा। यह संदेश चालक दल के सदस्य केनेथ हिलेर (62 वर्ष) के स्वास्थ्य के बारे में था।

आशंका थी कि हिलेर को दुबई से माउरा जा रहे पोत 'एनविल प्वॉइंट' पर ही 'डीप वेन थ्रॉम्बोसिस' की समस्या हुई। स्थिति की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए एमआरसीसी (मुंबई) ने कोच्चि में समुद्री बचाव उप केंद्र को अभियान में समन्वय करने का निर्देश दिया। चिकित्सा निकासी के लिए जहाज को तेज गति से कोच्चि की तरफ आगे बढ़ने की सलाह दी गयी। एमआरएससी (कोच्चि) ने मरीज की स्थिति की गंभीरता का आकलन करने के लिए टेलीमेडिसिन की व्यवस्था की और प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करने की सलाह दी।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि इसके बाद जिला मुख्यालय संख्या चार (केरल और माहे) ने एक मेडिकल टीम के साथ भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) जहाज सी-410 को भेजा। आईसीजी जहाज अर्नवेश को भी चिकित्सा सहायता प्रदान करने और मरीज को किनारे तक निकालकर लाने के लिए उस जहाज की तरफ मोड़ा गया जिस पर हिलेर थे।


इसमें कहा गया है कि जहाज पर मरीज को प्रारंभिक चिकित्सा सहायता प्रदान की गई और उसे कोच्चि लाया गया। कोच्चि में हिलेर को तत्काल आगे की चिकित्सा सहायता के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि मरीज की हालत स्थिर बताई गई है और उसे निगरानी में रखा गया है।

## मदुरन्थकम में तीन वाहन आपस में टकराए, चार लोगों की मौत और 20 घायल

**चेन्नई।** तमिलनाडु में चेन्नई के उपनगर मदुरन्थकम में दो बसों और एक लॉरी की आपस में हुई टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई और लगभग 20 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि एक बस चेन्नई की ओर आ रही थी जिसके चालक का इससे नियंत्रण खो गया और वह एक लॉरी से टकरा गई। यह हादसा मदुरन्थकम में राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुक्कथुराई में हुआ। उसने बताया कि इसी दौरान पीछे से आ रही राज्य सरकार की एक बस भी उनसे टकरा गई। पुलिस ने बताया कि इस दुर्घटना में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 20 यात्री घायल हो गए।

## युवती की हत्या को लेकर भाजपा ने कांग्रेस सरकार को घेरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com





बेंगलूरु। कर्नाटक के हुब्बल्ली में एक युवती की हत्या को लेकर विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्य की कांग्रेस सरकार पर बृहस्पतिवार को निशाना साधा और सरकार पर आरोप लगाया कि वह कानून-व्यवस्था बनाए रखने में विफल रही। हुब्बल्ली में बुधवार को 20 वर्षीय अंजलि अम्बिगेरा की हत्या और 18 अप्रैल को इसी शहर में एक कॉलेज परिसर में छात्रा नेहा हिरेमठ की हत्या को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई और जगदीश शेट्टर तथा पूर्व उपमुख्यमंत्री सीएन अश्वथ नारायण ने सिद्दरामैया के नेतृत्व वाले प्रशासन पर हमला बोला। बोम्मई ने गदग में पत्रकारों से बात करते हुए आरोप लगाया, हत्या के कारणों में पुलिस की भूमिका भी बड़ी है, इस हत्या के लिए पुलिस परोक्ष रूप से जिम्मेदार है क्योंकि वह इसे रोकने में असमर्थ रही है। राज्यभर में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से धवस्त हो चुकी है। उन्होंने सरकार पर विपक्षियों की आवाज को दबाने के लिए पुलिस का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, चुनाव के बाद से पुलिस विपक्षी पार्टी के कार्यकर्ताओं के खिलाफ अत्याचार जैसे मामले दर्ज करने में लगी हुई है।

हुब्बल्ली में शेट्टर ने कहा कि कांग्रेस सरकार प्रशासन से अपना नियंत्रण खो चुकी है। उन्होंने कहा, नेहा हिरेमेथ हत्याकांड के बाद हमें लगा कि पुलिस सतर्क हो गई होगी या मुख्यमंत्री तथा गृह मंत्री समेत शीर्ष स्तर से कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़े कदम उठाने के निर्देश होंगे, लेकिन लगता है राज्य सरकार ने इसे हल्के में ले लिया, इसलिए एक के बाद एक हत्याएं हो रही हैं।

अंजलि हत्याकांड का उल्लेख करते हुए शेट्टार ने कहा कि राज्यभर में बढ़ती इस तरह की घटनाओं से स्पष्ट है कि सरकार कानून-व्यवस्था बनाए रखने में विफल रही है और मुख्यमंत्री सिद्दरामैया, गृह मंत्री जी. परमेश्वर तथा उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

अश्वथ नारायण ने बेंगलूरु में कहा कि कांग्रेस सरकार को एक साल पूरे होने जा रहा है और इस कार्यकाल में हत्या, वसूली और कट्टरपंथी ताकतों को बढ़ावा'' देने जैसी घटनाएं देखी गईं। उन्होंने कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति'' हो रही और कानून-व्यवस्था पूरी तरह से खराब हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया, यह अक्षम और शून्य विकास वाली सरकार है। यह प्रशासनिक व्यवस्था कायम रखने में विफल हो गयी है तथा सभी विभागों में, खासतौर पर गृह विभाग में भ्रष्टाचार व्याप्त है।

## विशाखापत्तनम और चेन्नई एग्मोर के बीच विशेष ट्रेनें

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** यहां दक्षिण रेलवे से प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार ईस्ट कोस्ट रेलवे ने गर्मी के मौसम के दौरान अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए विशेष ट्रेन नंबर 08577/08578 विशाखापत्तनम-चेन्नई एग्मोर-विशाखापत्तनम संचालित की जा रही है। ट्रेन नंबर 08577 विशाखापत्तनम-चेन्नई एग्मोर की पांच सेवाएं समर स्पेशल प्रत्येक सोमवार को 27 मई, 03 , 10 , 17 , 24 जून को 17.35 बजे विशाखापत्तनम से रवाना होगी और अगले दिन 08.45 बजे चेन्नई एग्मोर पहुंचेगी।



वापसी दिशा में ट्रेन नंबर 08578 चेन्नई एग्मोर-विशाखापत्तनम की पांच समर स्पेशल सेवाएं प्रत्येक मंगलवार को 28 मई, 04 , 11 , 18 , 25 जून को 10.30 बजे चेन्नई एग्मोर से रवाना होगी और 01.00 बजे विशाखापत्तनम पहुंचेगी। इस ट्रेन में दस एसी थ्री टियर इकोनॉमी कोच, छह स्लीपर क्लास कोच, दो सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच, एक द्वितीय श्रेणी कोच (दिव्यांगजन अनुकूल) और एक मान सह ब्रेक वैन कोच होंगे।

# फर्जी एनओसी जारी करने के मामले में सरकारी अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक निलंबित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान सरकार ने बुधवार को अंग प्रत्यारोपण मामले में फर्जी एनओसी जारी करने के आरोप में सवाई मान सिंह सरकारी अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टर राजेंद्र बागड़ी को निलंबित कर दिया। राजस्थान के स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने यहां संवाददाताओं से कहा कि इसके साथ ही डॉ. बागड़ी, डॉ. अचल शर्मा और डॉ. राजीव बगरहट्टा को सेवा नियमों के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। डॉ. शर्मा और डॉ. बाघरहट्टा को इस महीने की शुरुआत में क्रमशः एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक और एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य पद से हटा दिया गया था।

अधिकारियों ने बताया कि अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करने वाली राज्य प्राधिकरण समिति की बैठकें आयोजित नहीं करने के कारण शर्मा और बाघरहट्टा को हटाया गया था।

यह कार्रवाई फर्जी एनओसी मामले की जांच समिति की रिपोर्ट सरकार को सौंपे जाने के बाद हुई। जांच समिति ने यह भी पाया कि प्रत्यारोपण के 269 मामले ऐसे थे जिनमें अंग दान करने वाले और अंग प्राप्त करने वाले नजदीकी रिश्तेदार नहीं थे। साथ ही एक साल में हुए कुल अंग प्रत्यारोपण में से विदेशी नागरिकों के 171 प्रत्यारोपण चार निजी अस्पतालों में किए गए। खींवसर ने बुधवार को कहा कि सवाई मानसिंह अस्पताल के वरिष्ठ आचार्य (जनरल सर्जरी) डॉ.बागड़ी को अप्रैल 2022 में राज्य प्राधिकार समिति का समन्वयक नियुक्त किया गया था।

उन्होंने बताया कि बैठक के नोटिस डॉ. बागड़ी के हस्ताक्षर से जारी किए गए थे, जिन पर बैठक की तारीख और समय का उल्लेख नहीं किया गया था। खींवसर ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, इन सभी तथ्यों से पता चलता है कि डॉ. राजेंद्र बागड़ी को एनओसी के लिए लगातार आ रहे आवेदनों की पूरी जानकारी थी। इसके बावजूद, बैठक आयोजित नहीं की गई और बैठकें आयोजित नहीं होने के लिए मुख्य रूप से डॉ बागड़ी जिम्मेदार हैं।

सरकार को सौंपी गई जांच रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आया, जिसके आधार पर डॉ. बागड़ी को निलंबित कर दिया गया और नोटिस जारी किए गए। मंत्री ने कहा, 2020 से 2023 तक अंग प्रत्यारोपण से जुड़ी प्रक्रिया में विभिन्न स्तरों पर घोर लापरवाही और अनियमितताएं हुईं।

उन्होंने कहा, जब डॉ. सुधीर भंडारी एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य और नियंत्रक थे, तब से अनियमितताएं और धोखाधड़ी सामने आई हैं। इस संबंध में अन्य राज्यों से भी शिकायतें मिलीं। डॉ भंडारी राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (आरयूएचएस) के कुलपति थे। राज्य सरकार द्वारा डॉ अचल शर्मा और डॉ राजीव बगरहट्टा के खिलाफ कार्रवाई के बाद उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। वह 'स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट आर्गेनाइजेशन' (सोटो) के लिए गठित एक समिति के अध्यक्ष थे। स्वास्थ्य मंत्री ने उन पर कांग्रेस शासन के दौरान कई अनियमितताओं का आरोप लगाया। पैसे के बदले अंग प्रत्यारोपण के लिए फर्जी एनओसी जारी करने के मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने एक अप्रैल को तीन लोगों को गिरफ्तार किया था।



# बोलेरो व थार की भिड़ंत में चार लोगों की मौत, 6 गंभीर घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। जमवारामगढ़ इलाके में आगरा-दिल्ली नेशनल हाइवे पर गुरुवार को बोलेरो व थार की भिड़ंत में चार लोगों की मौत हो गई व 6 लोग घायल हो गए। इस घटना के बाद हाइवे पर जाम लग गया। हाइवे पर गश्त करने वाले वाहन में सवार पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

आंधी (जयपुर) थाना पुलिस के मुताबिक हादसे में घायलों को एंबुलेंस की मदद से आंधी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से सभी को जयपुर रेफर कर दिया गया।

प्रारंभिक जांच में पता चला है कि ओवरटेक करने प्रयास में यह हादसा हुआ। रफ्तार इतनी तेज थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। इसमें सवार कुछ लोग बुरी तरह फंस गए। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से लोगों को बाहर निकाला और हॉस्पिटल पहुंचाया।

बोलेरो सवार चंद्र प्रकाश (40) पुत्र बद्री नारायण गुर्जर, रामदयाल (25) पुत्र शिवदयाल गुर्जर, सरदार (50) पुत्र अर्जुन गुर्जर और नरेंद्र पुत्र पूरण निवासी बरोली (दौसा) की मौत हो गई है। वहीं घायल धनराज, कालू निवासी बरौली (दौसा) और सूरजमान, संतोष कुमार, पुष्पा देवी और कोयल निवासी उत्तर प्रदेश को जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल रेफर कर किया गया है। सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।



# मिशन कर्मयोगी का सभी विभाग पूर्ण लाभ उठाएं : पंत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्य सचिव सुधांश पन्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में आधारभूत सुविधाओं को लेकर ऐसी नीतियों, कार्यक्रमों और परियोजनाओं को आगे बढ़ाएं जिससे प्रदेश सुशासन तथा विकसित राजस्थान की दिशा में आगे बढे। उन्होंने अधिकारियों से आह्वान किया कि मिशन कर्मयोगी का पूरा लाभ उठाकर अपनी क्षमता में वृङ्ख्दि कर नवप्रवर्तनशीलता और पारदर्शिता के साथ जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरें।

पन्त गुरुवार को शासन सचिवालय में आयोजित सीनियर ऑफिसर्स मीटिंग की अध्यक्षता कर रहे थें। उन्होंने लंबित पत्रावलियों, ई-फाइल व डाक के औसत निस्तारण समय में कमी आने पर संतोष व्यक्त किया तथा सम्बंधित अधिकारियों को ई-फाइल के निस्तारण समय में और सुधार हेतु निर्देशित किया। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि इस माह के अंत तक सभी अधीनस्थ कार्यालयों, निगमों तथा स्वायत्त संस्थाओं को भी पूर्ण रूप से ऑनलाइन किया जाये।

मुख्य सचिव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्थान में वर्षा जल के संचयन, भू-जल व सतही जल स्रोतों में पानी की उपलब्धता में वृद्धि के लिए सुधारात्मक कार्य करें। साथ ही विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के जरिये जल संरक्षण को जन आन्दोलन बनाए। उन्होंने निर्देश दिए कि बावड़ियों, तालाबों, बांधों आदि जल संग्रहण के स्रोतों के रखरखाव के काम आगामी मानसून से पहले ही पूरे किये जाये जिससे वर्षा के जल का अधिकतम संग्रह किया जा सके। उन्होंने पेयजल, पौधारोपण, जल संरक्षण, शिक्षा जैसे विषयों पर सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

पन्त ने पौधरोपण एवं उनके वितरण के लक्ष्यों को विशेष अभियान के तहत पूरा करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के पश्चात भी लम्बे समय तक उसके रखरखाव के लिए लोगों को प्रेरित करें। यह प्रयास पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। बैठक में नवीकरणीय ऊर्जा हेतु प्रस्तावित भू-नीति के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गयी। इस दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में अपार संभावनाए मौजूद हैं और राजस्थान इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में निवेशकों और सम्बंधित हितधारकों से संवाद कर उनके सुझावों को भी शामिल करें।

मुख्य सचिव ने डीपीसी व सरकारी भर्ती प्रक्रियाओं की समीक्षा के दौरान कहा कि जिन परीक्षाओं के परिणाम जारी हो चुके हैं उन्हें निर्वाचन आयोग से अनुमति लेकर नियुक्ति पत्र शीघ्र जारी करने के प्रयास करें। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर परिवादों का औसत निवारण समय 50 दिवस से कम होकर 16 दिवस होने पर सराहना की साथ ही निर्देश दिए कि संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवादों का समयसीमा में निवारण कर आमजन को राहत प्रदान करें एवं विधानसभा से प्राप्त लंबित प्रश्नों के उत्तर जल्द भिजवाएं।

# कोई भी रोगी दवाओं की उपलब्धता को लेकर परेशान नहीं हो : नेहा गिरि



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन की प्रबंध निदेशक श्रीमती नेहा गिरि ने प्रदेश के राजकीय अस्पतालों में दवाओं की समुचित उपलब्धता एवं आपूर्ति को लेकर समस्त जिला तथा मेडिकल कॉलेज औषधि भंडार गृहों के 40 प्रभारी अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस से समीक्षा की। वीसी में मुख्यालय से कार्यकारी निदेशक (लॉजिस्टिक) डॉ. कल्पना व्यास, सहायक औषधि नियंत्रक डॉ. संजय पारीक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। प्रबंध निदेशक ने वीसी में दवाओं की उपलब्धता एवं आपूर्ति प्रबंधन को और बेहतर बनाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

श्रीमती गिरि ने कहा कि मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना के तहत भंडार गृहों में दवाओं का पर्याप्त स्टॉक रखा जाए तथा अस्पतालों में सभी दवाओं की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी रोगी दवाओं की उपलब्धता को लेकर परेशान नहीं हो। अस्पतालों में शत-प्रतिशत दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित हो। उन्होंने इसके लिए औषधि भंडार गृहों के प्रभारी अधिकारियों को चिकित्सा संस्थानों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए। प्रबंध निदेशक ने कहा कि योजना के तहत विभिन्न बीमारियों में उपयोग आने वाली महंगी दवाओं का भी जनहित में निःशुल्क वितरण किया जाता है। यह ध्यान रखा जाए कि इन महंगी दवाओं का पूरा रिकॉर्ड संधारित हो तथा इनकी समुचित उपलब्धता भी रहे। स्टॉक एवं वितरित दवाओं के रिकॉर्ड का नियमित रूप से मिलान किया जाए। सभी आवश्यक सूचनाएं ऑनलाइन रूप से इन्द्राज की जाए।

श्रीमती गिरि ने कहा कि औषधि भंडार गृह के प्रभारी जीरो एक्सपायरी पॉलिसी के तहत दवाओं का उपयोग सुनिश्चित करें। उपलब्ध करवाई जा रही औषधियों का उचित एवं नियमानुसार संधारण करें। निकट भविष्य में अवधिपार होने वाली दवाओं का उपयोग पहले किया जाए ताकि दवाओं के अवधिपार होने से वित्तीय नुकसान से बचा जा सके। यदि भंडार गृहों में लापरवाही के चलते औषधियां अवधिपार होती हैं तो संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।



# 'गर्मी के मौसम में प्यासों को पानी पिलाना है पुण्य का कार्य'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। गर्मी के मौसम में प्यासों को पानी पिलाना पुण्य का काम है। भीषण गर्मी में किसी को पानी मिल जाए तो वह अमृत के समान होता है। गर्मियों के समय में आने वाले आमजन के लिए वाटर कूलर से शुद्ध एवं शीतल जल की उपलब्धता रहेगी।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शासन सचिव डॉ समित शर्मा ने विभाग के गांधीनगर स्थित कार्यालय में अधिकारियों और कार्मिकों के आर्थिक सहयोग से स्थापित किए गए वाटर कूलर के शुभारंभ के दौरान यह बात कही।

उल्लेखनीय है कि मुख्य सचिव सुधांश पंत ने प्रदेश में ग्रीष्म ऋतु में राजकीय कार्यालय, विद्यालयों, अस्पतालों बस स्टैंड एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर वॉटर कूलर के माध्यम से आमजन के लिए शीतल पेयजल की समुचित व्यवस्था करने का आह्वान किया है। पंत ने इस बारे में सभी विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव और शासन सचिव को पत्र लिखकर आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए निर्देश प्रदान किए हैं। इसी क्रम में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जयपुर में गांधीनगर स्थित कार्यालय में आमजन के लिए वाटर कूलर स्थापित करने की यह पहल की गई है।

शासन सचिव ने बताया कि वाटर कूलर कार्यालय के प्रवेश द्वार के पास स्थापित किया हैं। इस वाटर कूलर से आने -जाने वाले आमजन को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल प्रतिदिन 24 घंटे उपलब्ध रहेगा। उन्होंने कहा कि आमजन की प्यास बुझाने के लिए स्वच्छ ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने के लिए धार्मिक संस्थाओं एवं भामाशाहों के सहयोग से सभी कार्यालय में प्याऊ अथवा वाटर कूलर लगाने के लिए प्रेरित करें।

उन्होंने अन्य संस्थाओं से भी गर्मी के मौसम में प्याऊ एवं वाटर कूलर लगाने की अपील की है।

# कमला बेनीवाल का किया गया अंतिम संस्कार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री और राजस्थान में कांग्रेस की सबसे वयोवृद्ध नेता डा कमला बेनीवाल का गुरुवार को जयपुर में अंतिम संस्कार किया गया। गुजरात, मिजोरम एवं त्रिपुरा की राज्यपाल तथा राजस्थान की उपमुख्यमंत्री रही श्रीमती कमला बेनीवाल का अंतिम संस्कार शहर के लालकोठी श्मशान घाट पर किया गया जहां उनके पुत्र एवं पूर्व विधायक आलोक बेनीवाल ने उन्हें मुखाग्नि दी और लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। अंतिम संस्कार में कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व मंत्री लालचंद कटारिया, आमेर विधायक प्रशांत शर्मा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष आर आर तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अन्य लोग शामिल हुए। इससे पहले उनके निवास पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिजनों को ढांढस बंधाया। इसी तरह डोटासरा ने पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धाजंलि दी। कांग्रेस के अन्य नेताओं कार्यक्रताओं ने भी श्रीमती कमला के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अंतिम विदाई दी। श्रीमती कमला बेनीवाल के पार्थिव शरीर को कांग्रेस के झंडे में लपेटकर अंतिम विदाई दी।

# डूंगरपुर में भू-अभिलेख निरीक्षक रिश्वत लेते गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के डूंगरपुर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की एक टीम ने बृहस्पतिवार को एक भू-अभिलेख निरीक्षक को कथित तौर पर रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। ब्यूरो के यहां जारी बयान के अनुसार बिलडी तहसील के भू-अभिलेख निरीक्षक दिनेश पंचाल को परिवादी से 25 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। बयान के मुताबिक परिवादी ने शिकायत की थी कि उनकी सामलाती भूमि का नामान्तरण खोलने की एवज में दिनेश पंचाल 50 हजार रुपये रिश्वत मांग रहा है। ब्यूरो की टीम ने शिकायत का सत्यापन कर बृहस्पतिवार को आरोपी को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ की जा रही है तथा आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी जारी है।




# संविधान देश का पवित्र ग्रंथ, यह देश का सर्वोच्च विधान पर्यावरण संरक्षण के लिए सिक्किम से सीख लें : राज्यपाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजभवन में गुरुवार को सिक्किम का स्थापना दिवस समारोह उल्लास-पूर्वक मनाया गया। राज्यपाल कलराज मिश्र ने इस दौरान सिक्किम के स्थानीय जनों से संवाद किया और उन्हें स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर का यह प्रदेश प्राकृतिक दृष्टि से ही संपन्न नहीं है बल्कि भारत की सनातन संस्कृति का भी संवाहक हैं। उन्होंने सिक्किम राज्य के इतिहास और संस्कृति की चर्चा करते हुए कहा कि 16 मई को यह भारत का 22वां राज्य बना। प्रकृति की सुंदरता संजोए यह धरती का दूसरा स्वर्ग है।

राज्यपाल ने सिक्किम को घाटियों, वन और नदियों का प्रदेश बताते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए किए वहां के कार्यो से सीख लेने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह देश का पहला जैविक प्रदेश है और जिस तरह से स्थानीय लोगों ने सिक्किम की प्रकृति संरक्षण परम्पराओं को सहेज रखा है, वह देश के अन्य राज्यों के लिए भी अनुकरणीय है।

मिश्र ने आरंभ में संविधान की उद्देशिका का सभी को वाचन करवाया और मूल कर्तव्य पढ़कर सुनाए। उन्होंने कहा कि संविधान पवित्र ग्रंथ भर नहीं है बल्कि यह भारत की गीता, कुरान और बाइबिल है। उन्होंने संविधान में निहित अधिकारों के साथ कर्तव्यों के लिए भी सभी को सजग रहने का आह्वान किया। उन्होंने संविधान की मूल प्रति पर उकेरे भगवान राम, कृष्ण, बुद्ध, गुरु गोविन्द सिंह आदि के चित्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत की विविधता में एकता की संस्कृति का संविधान संवाहक है। सिक्किम के स्थानीय लोगों ने इस अवसर पर राज्यपाल का अभिनंदन किया। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव गौरव गोयल और प्रमुख विशेषाधिकारी गोविन्द राम जायसवाल भी उपस्थित रहे।

## बूंदी में कार और ट्रक की टक्कर में दो की मौत

कोटा। राजस्थान के बूंदी में बृहस्पतिवार की सुबह भैंस लेकर जा रहे एक ट्रक से एक कार की भिड़ंत के चलते दो लोगों की जान चली गई और तीन लोग घायल हो गये। पुलिस ने घटना की जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त घनश्याम मीणा ने बताया कि घटना एनएच 148डी पर हुई। मृतकों की पहचान गुजरात के गिर सोमनाथ के रहने वाले विपुल पटेल(33) और आवेश पटेल (27) के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि एक कार में सवार पांच लोग हरिद्वार से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान भैंसों को ले जा रहे एक तेज रफ्तार ट्रक की उनकी कार से टक्कर हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और कार में सवार लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया जहां दो लोगों को मृत घोषित कर दिया गया और तीन को इलाज के लिए दूसरे अस्पताल भेज दिया गया।

# कार में बंद होने के बाद दम घुटने से तीन वर्षीय बच्ची की मौत


कोटा। राजस्थान के कोटा में कार में बंद हो जाने के कारण तीन वर्षीय एक बच्ची की दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस ने बृस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक घटना बुधवार शाम की है जब बच्ची के माता-पिता शादी समारोह मे गए थे। मृतक बच्ची की पहचान गोरविका नागर के रूप में हुई। खतौली थाने के प्रभारी बन्ना लाल ने बताया कि प्रदीप नागर अपनी पत्नी और दो बेटियों के साथ जोरावरपुरा गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। जैसे ही परिवार कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा, मां और उसकी बड़ी बेटी कार से बाहर निकल आईं और प्रदीप वाहन पार्क करने चले गये।

उन्होंने कहा, प्रदीप को लगा कि गोरविका अपनी मां के साथ कार्यक्रम स्थल के अंदर गई है और उन्होंने कार को लॉक किया तथा समारोह में शामिल होने के लिए चले गये। लगभग दो घंटे तक वे शादी समारोह में ही रहे। लाल ने बताया कि जब वे (बच्ची के माता पिता) मिले और एक-दूसरे से गोरविका के बारे में पूछा तो उन्हें पता चला कि वह उनमें से किसी के भी साथ नहीं थी जिसके बाद उन्होंने उसे ढूंढना शुरू कर दिया। लाल ने बताया कि बच्ची के माता-पिता ने उसे कार की पिछली सीट पर बेहोश पाया और उसे अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने कहा कि बच्ची के माता-पिता ने शव का पोस्टमार्टम कराने और पुलिस में मामला दर्ज कराने से इनकार कर दिया।

## राजस्थान में हीटवेव अलर्ट

# कोटा-झालावाड़ में मेघगर्जन और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका

जयपुर। राजस्थान में हीटवेव का दौर जारी है। पिछले 24 घंटों में राज्य के अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान 41-44 डिग्री दर्ज किए गए हैं। सर्वाधिक अधिकतम तापमान 44.4 डिग्री सेल्सियस गंगानगर में दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने गुरुवार को कोटा-झालावाड़ में मेघगर्जन व आकाशीय बिजली गिरने की आशंका जताई गई है। जयपुर मौसम विज्ञान केन्द्र निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया, पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर, बीकानेर संभाग में आज से ही अधिकतम तापमान 45 डिग्री से ज्यादा होगा और हीट वेव का दौर शुरू होगा वहीं पूर्वी राजस्थान में 17 मई से हीट वेव का दौर शुरू होगा... हीट वेव का दौर लगभग 1 हफ्ते तक जारी रहेगा... 18-19 मई को उत्तर-पश्चिमी राजस्थान में कुछ जगह भीषण हीट वेव का ऑरेन्ज अलर्ट जारी किया गया है। आगामी 48 घंटों में अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री बढ़ोतरी होने से एक नया हीट वेव का दौर आगामी एक सप्ताह तक जारी रहने की संभावना। जोधपुर,बीकानेर संभाग के कुछ भागों में आज 16 मई को अधिकतम तापमान 45 डिग्री के आसपास दर्ज होने तथा हीटवेव/लू चलने की प्रबल संभावना।



# 'नरकगामी' और 'पाप का प्रतीक' है सपा-कांग्रेस का गठबंधन : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कौशाम्बी/आजमगढ़ (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को विपक्षी 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडि)' गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि यह गठबंधन 'नरकगामी' और 'पाप का प्रतीक' है और वह देश के खिलाफ 'षडयंत्र' कर रहा है।



मुख्यमंत्री ने कौशाम्बी और आजमगढ़ में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को सम्बोधित करते हुए ऐसा कहा। योगी ने कौशाम्बी की रैली में 'इंडि' गठबंधन पर बेहद गम्भीर आरोप लगाये। उन्होंने कहा, ''सपा और कांग्रेस का गठबंधन जब भी हुआ है, वह महामारी का कारण बना है। ये गठबंधन नरकगामी है, पाप का प्रतीक है, क्योंकि इनके पास विकास की कोई सोच नहीं है। ये नकारात्मक सोच के कारण देश के खिलाफ षडयंत्र कर रहे हैं। इन लोगों के मंसूबे देश के लिए खतरनाक हैं।'' उन्होंने कहा, ''सपा और कांग्रेस को मालूम है कि अब इन्हें कभी वापस नहीं आना है, इसलिए अभी से ये लोग परेशान हैं। इन्हें मालूम है कि इस चुनाव में जैसे ही सपा और कांग्रेस का गठबंधन हारेगा, वैसे ही जनता इनका नाम भी भूल जाएगी। उसके बाद ये कहीं से चुनाव लड़ने की स्थिति में नहीं रहने वाले हैं।''मुख्यमंत्री ने कहा, ''सपा का संस्कार से कोई संबंध नहीं। ये अपने से बड़े-छोटे का लिहाज नहीं करते। ये बड़ों को जबर्दस्ती धक्का देकर बाहर कर देते हैं। ये रामभक्तों पर गोली चलाते थे और देशद्रोहियों पर दायर मुकदमों को वापस लेने का काम करते थे। इनके समय के कारनामे उजागर हो जाएं तो सपा के नेता कहीं मुंह दिखाने के लायक नहीं रहेंगे।'' योगी ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा, ''कांग्रेस के शहजादे कहते हैं कि एक झटके में हम गरीबी हटाएंगे। जब उनसे पूछा गया कि फॉर्मूला क्या है तो उन्होंने कहा कि 'वेल्थ इमरजेंसी' यानी आपकी प्रॉपर्टी का 'एक्सरे' कराएंगे और उस पर विरासत टैक्स लगाएंगे। विरासत टैक्स यानी औरंगजेब का जजिया कर। हमें कांग्रेस और सपा के इस जजिया कर को देश की जनता पर नहीं लगने देना है।''

## 'आप' प्रमुख के दावे पर बोले आदित्यनाथ, जेल जाकर केजरीवाल की 'बुद्धि फिर गई है'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बांदा (उप्र)/भाषा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बयानों पर पलटवार करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि धन शोधन मामले में जेल जाने के बाद केजरीवाल की बुद्धि 'फिर' गई है। मुख्यमंत्री ने यहां एक चुनावी रैली में केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा, ''अन्ना हजारे के सपनों पर पानी फेरने वाले केजरीवाल अब मेरा नाम लेकर बातें कर रहे हैं। जेल जाने के बाद उनकी बुद्धि फिर गई है।'' उन्होंने कहा, ''अन्ना ने जिस कांग्रेस के खिलाफ आंदोलन किया था, केजरीवाल ने उसे ही अपने गले का हार बना लिया है। जेल जाकर उन्हें पता चल गया है कि अब वह कभी जेल के बाहर नहीं आने वाले हैं। आम आदमी पार्टी ने सत्ता में पहुंचकर अपने ईद-गिर्द भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा लगा दिया है। अन्ना दुखी होते होंगे कि मेरे आंदोलन की उपज किस प्रकार की राजनीति करते हैं।''



## रांची के फ्लैट से जब्त नकदी मंत्री आलमगीर आलम से संबंधित : ईडी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रांची/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम के सचिव के घरेलू सहायक के रांची स्थित परिसर से जब्त 32.2 करोड़ रुपये की नकदी मंत्री से संबंधित है और उन्हें अपने विभाग में प्रत्येक निविदा से 1.5 प्रतिशत का निश्चित कमीशन मिलता था।

ईडी ने यह दावा तब किया, जब उसने कांग्रेस नेता आलम (74) को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विशेष अदालत के समक्ष पेश किया। आलम को एजेंसी ने बुधवार को यहां गिरफ्तार कर लिया। प्रभात कुमार शर्मा की विशेष अदालत ने उन्हें छह दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया है। आलम झारखंड विधानसभा में पाकुड़ सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। ईडी ने छह मई को आलम के निजी सचिव संजीव कुमार लाल और उनके घरेलू सहायक जहांगीर आलम के परिसर पर छापा मारा था और जहांगीर के नाम पर एक फ्लैट से कुल 32.2 करोड़ रुपये बरामद किए थे। कुल 37.5 करोड़ रुपये की जब्ती की गई। ईडी ने मंत्री की रिमांड का अनुरोध करते अदालत को बताया, ''यह पता लगाया है कि जहांगीर आलम के नाम पर पंजीकृत फ्लैट से जब्त 32.2 करोड़ रुपये की नकदी आलमगीर आलम से संबंधित है और इसे जहांगीर ने संजीव कुमार लाल के निर्देश पर एकत्र किया था, जो आलमगीर आलम के लिए ऐसा कर रहे थे।''



## मरने से पहले 'हे राम' कहने वाले गांधी का अनुसरण करती है कांग्रेस : प्रियंका

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रायबरेली/भाषा।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी पार्टी महात्मा गांधी के आदर्शों का पालन करती है जिन्होंने मरने से पहले 'हे राम' कहा था तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कांग्रेस पर धर्म विरोधी होने का आरोप लगाना सरासर गलत है।

प्रियंका ने जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर चौदह मिल चौराहे पर एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, ''वे हमें हिंदू धर्म विरोधी बता कर हमारी आलोचना करते हैं। हम महात्मा गांधी के आदर्शों का पालन करते हैं, जिन्होंने मरने से पहले 'हे राम' कहा था।'' उन्होंने कहा कि भाजपा 'हिंदू धर्म की चैंपियन' होने का दावा करती है, लेकिन उत्तर प्रदेश में सरकारी गौशालाओं की स्थिति बेहद दयनीय बनी हुई है। कांग्रेस नेता ने कहा, ''वे (भाजपा और उसके नेता) अयोध्या में (नवनिर्मित राम मंदिर में रामलला मूर्ति के ) प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण को अस्वीकार करने के लिए हम पर धर्म विरोधी होने का आरोप लगाते हैं। उत्तर प्रदेश में गौशालाओं का हाल देखिए जहां एक वीडियो में कुत्ते मरी हुई गाय का मांस खाते दिख रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस शासन के दौरान पार्टी ने गौशालाओं की स्थिति में सुधार किया और गौशाला चलाने वाले स्वयं सहायता समूहों की सहायता के लिए गाय का गोबर खरीदा। प्रियंका रायबरेली निर्वाचन क्षेत्र में रोज चुनाव प्रचार कर रही हैं । इस सीट से राहुल गांधी चुनाव लड़ रहे हैं ।

## अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने के लिए ममता 'इंडि' गठबंधन का समर्थन कर रही हैं : अधीर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो ममता बनर्जी विपक्षी गठबंधन 'इंडि' के पक्ष में बनते माहौल और राष्ट्रीय राजनीति में अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने के लिए इसका समर्थन कर रही हैं। चौधरी की टिप्पणी ऐसे वक्त आई है जब एक दिन पहले बनर्जी ने कहा था कि उनकी पार्टी केंद्र में सरकार बनाने के लिए बाहर से 'इंडि' गठबंधन का समर्थन करेगी।

चौधरी ने बनर्जी को ''अवसरवादी राजनेता'' करार देते हुए कहा कि उन्होंने बदलते राजनीति को भांपकर अपना रुख बदल लिया है। कांग्रेस नेता ने संवाददाताओं से कहा, ''यह स्पष्ट रूप से इंगित करता है कि 'इंडि' गठबंधन बढ़त ले रहा है और सरकार बनाने के करीब है। यही कारण है कि एक चतुर और अवसरवादी नेता के रूप में ममता बनर्जी ने पहले ही अपना समर्थन देने का फैसला किया है।'' उन्होंने कहा, ''उन्होंने (बनर्जी) अपनी विश्वसनीयता खो दी है। वह इस वास्तविकता को समझ गई हैं कि मतदाता 'इंडि' गठबंधन की ओर देख रहे हैं। उन्हें अहसास हो गया है कि वह राष्ट्रीय राजनीति में अलग-थलग पड़ रही हैं। यह राष्ट्रीय राजनीति में खुद को प्रासंगिक बनाए रखने का तरीका है।'' टीएमसी प्रमुख ने बुधवार को हुगली जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए, कहा था कि उनकी पार्टी केंद्र में सरकार बनाने के लिए 'इंडि' गठबंधन को बाहर से समर्थन देगी।



## हम राष्ट्रीय स्तर पर 'इंडि' गठबंधन का हिस्सा हैं और रहेंगे : ममता बनर्जी



**तमलुक (पश्चिम बंगाल)/भाषा।** सत्ता में आने पर विपक्षी गठबंधन 'इंडि' को बाहर से समर्थन देने की घोषणा के एक दिन बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा विरोधी गठजोड़ का हिस्सा है और आगे भी रहेगी। तमलुक में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पश्चिम बंगाल में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और कांग्रेस के साथ गठबंधन में नहीं है। बनर्जी ने कहा, ''कुछ लोगों ने कल के मेरे बयान को गलत समझा है...अखिल भारतीय स्तर पर, मैं पूरी तरह से इंडि गठबंधन का हिस्सा हूं। इंडि गठबंधन का मैंने सुझाव दिया था। हम राष्ट्रीय स्तर पर साथ हैं और आगे भी साथ रहेंगे।''

बनर्जी ने आरोप लगाया कि 'इंडि' गठबंधन में शामिल माकपा और कांग्रेस दोनों की पश्चिम बंगाल इकाइयां ने हाथ मिला लिया है और राज्य में भाजपा की मदद कर रही हैं। उन्होंने रैली में कहा, ''बंगाल में माकपा और कांग्रेस पर भरोसा नहीं करें। वे हमारे साथ नहीं हैं, वे यहां भाजपा के साथ हैं...।'' बनर्जी ने बुधवार को कहा था कि उनकी पार्टी केंद्र में सरकार बनाने के लिए विपक्षी गठबंधन 'इंडि' को बाहर से समर्थन देगी। लोकसभा चुनाव में 400 सीटें हासिल करने के भाजपा के महत्वाकांक्षी लक्ष्य पर संदेह व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि लोग उन्हें खारिज कर देंगे।

## संदेशखालि की महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज करायी, अपहरण का आरोप लगाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में एक महिला ने बृहस्पतिवार को तीन लोगों पर रात के समय घर के बाहर से उसके अपहरण का प्रयास करने के लिए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। संदेशखालि में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगे थे। सूत्रों के मुताबिक, महिला ने इस इलाके में कथित अत्याचार के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शनों में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया था।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, ''देर रात ढाई बजे तीन लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज करने के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया गया। महिला ने शिकायत में दो लोगों को नामजद किया है। फिलहाल कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।'' भाजपा नेता और वकील प्रियंका टिबरेवाल द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक कथित वीडियो में महिला को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि उसका मुंह बंद कर उसे घर से घसीटते हुए लाया गया लेकिन जब उसकी बेटी ने शोर मचाया और स्थानीय लोग वहां पहुंचे तो अपहरणकर्ता एक तालाब के पास उसे फेंक कर फरार हो गये। 'पीटीआई-भाषा' वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं करता है। महिला ने शिकायत में दावा किया कि उस पर अदालत में यह कहने के लिए दबाव डाला गया कि क्षेत्र में महिलाओं पर कथित अत्याचार 'झूठ' हैं।

## केजरीवाल को अंतरिम जमानत कोई अपवाद नहीं, फैसले के 'आलोचनात्मक विश्लेषण' का स्वागत : न्यायालय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए अंतरिम जमानत देना किसी के लिए कोई अपवाद नहीं है और इस फैसले के 'आलोचनात्मक विश्लेषण' का स्वागत है।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को दी गई अंतरिम जमानत के संबंध में दिए गए कुछ बयानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केजरीवाल के वकीलों के दावों तथा जवाबी दावों पर विचार करने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा, ''हमने किसी के लिए अपवाद स्वरूप कुछ नहीं किया है। हमने अपने आदेश में वही कहा, जो हमें न्यायोचित लगा।''

ईडी की ओर से सॉलसिटर जनरल तुषार मेहता ने चुनावी रैलियों में दिए गए केजरीवाल के इन भाषणों पर विरोध जताया कि अगर जनता आम आदमी पार्टी को वोट देती है तो उन्हें दो जून को जेल वापस नहीं जाना पड़ेगा।

## पश्चिम बंगाल के मालदा में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 11 लोगों की मौत

**मालदा/भाषा।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में अलग-अलग स्थानों पर बृहस्पतिवार को आकाशीय बिजली की चपेट में आने से कम से कम 11 लोगों की मौत हो गयी और दो अन्य लोग झुलस गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों में मणिचक थाना क्षेत्र निवासी दो नाबालिग और माला थाना क्षेत्र के साहापुर निवासी तीन लोग शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, वहीं दो अन्य लोग गजोल थाना क्षेत्र के अदीना और रतुआ थाना क्षेत्र के बालूपुर के रहने वाले थे। पुलिस ने बताया कि हरीशचंद्रपुर के एक खेत में काम कर रहे दंपति की भी आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गयी। पुलिस के मुताबिक, आकाशीय बिजले की चपेट में आकर जान गंवाने वाले बाकी लोग इंग्लिशबाजार और मणिचक थाना इलाके के निवासी थे।

## भाजपा सत्ता में आई तो आरक्षण समाप्त कर देगी, योगी नहीं रहेंगे मुख्यमंत्री : केजरीवाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) यदि लोकसभा चुनाव के बाद फिर से केंद्र की सत्ता में आई तो वह संविधान बदल देगी और आरक्षण समाप्त कर देगी।



आम आदमी पार्टी (आप) के नेता केजरीवाल ने यहां सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, इन लोगों (भाजपा) की पूरी तैयारी है कि अगर ये जीत गये तो संविधान को बदल कर अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) का आरक्षण खत्म कर दिया जाएगा।'' उन्होंने कहा, पिछले चार-पांच महीने से इन्होंने 'चार सौ पार' का शोर मचा रखा है। इन्हें 'चार सौ पार' सीट चाहिए क्योंकि ये आरक्षण खत्म करना चाहते हैं और बाबासाहेब (आंबेडकर) ने जो संविधान बनाया, उसे खत्म करना चाहते हैं।'' केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा, ''ये लोग कहते थे कि मोदी जी कुछ बड़ा काम करना चाहते हैं। अंदर से पता कराने पर मालूम हुआ कि ये लोग आरक्षण खत्म करना चाहते हैं। आरएसएस और भाजपा शुरू से ही आरक्षण के ख़िलाफ रहे हैं। ये लोग संविधान को तार-तार करना चाहते हैं।'' दिल्ली के मुख्यमंत्री ने अपना यह दावा दोहराया कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हटा दिया जाएगा।

## लालू की पुत्री अपने पिता का गढ़ सारण वापस पाना चाहती हैं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**छपरा/भाषा।** बिहार की सारण लोकसभा सीट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया रैली के दौरान जहां मौजूदा भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी ने दावा किया कि वह अपने संसदीय क्षेत्र से भारी मतों से जीत दर्ज कर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराने के लिए उत्सुक हैं, वहीं राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद की पुत्री रोहिणी आचार्य अपने पिता का गढ़ सारण वापस पाने के लिए जी-तोड़ मेहनत कर रही हैं।



रूडी (62) ने 1996 में छपरा लोकसभा सीट से अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत की थी, जिसे 2008 के परिसीमन के बाद से सारण लोकसभा सीट के नाम से जाना जाता है। वह लालू प्रसाद के साथ सीधे मुकाबले में कभी नहीं जीत सके पर संयोगवश 2013 में सारण से सांसद रहे प्रसाद के चारा घोटाला मामले में दोषी ठहराए जाने के कारण उन्हें अयोग्य घोषित कर दिये जाने के बाद से उनके चुनाव लड़ने पर रोक लग गयी।

# सुनील छेत्री ने संन्यास का ऐलान किया, छह जून को खेलेंगे आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** महान खिलाड़ी सुनील छेत्री ने कुवैत के खिलाफ छह जून को फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कहने का फैसला लिया है जिससे उनके लंबे और सुनहरे कैरियर पर विराम लग जायेगा ।

भारतीय टीम के कप्तान छेत्री ने सोशल मीडिया पर डाले वीडियो के जरिये यह घोषणा की ।

2005 में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में पदार्पण करने वाले छेत्री ने भारत के लिये 94 गोल किये हैं । उनके नाम भारत के लिये सबसे ज्यादा गोल और सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय मैच है । सक्रिय फुटबॉल खिलाड़ियों में क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेस्सी के बाद उनके नाम सबसे ज्यादा गोल हैं । वह सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में चौथे स्थान पर हैं ।

39 वर्ष के छेत्री करीब दो दशक से भारतीय फुटबॉल को अपनी सेवायें दे रहे हैं । उनके योगदान को इससे आंका जा सकता है कि आज भी भारतीय टीम गोल के लिये पांच फुट सात इंच के इस फॉरवर्ड पर निर्भर करती है । छेत्री का आखिरी मैच कोलकाता के साल्टलेक स्टेडियम पर होगा । जिस शहर में उन्होंने इतना फुटबॉल खेला, वहीं से विदा लेने से बेहतर इस स्वर्णिम यात्रा की परिणिति नहीं हो सकती ।

भारत इस समय चार अंक लेकर कतर के बाद ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर है । छेत्री ने मार्च में 150वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था और गुवाहाटी में अफगानिस्तान के



खिलाफ मैच में गोल भी किया था । भारत हालांकि वह मैच 1 . 2 से हार गया था । देश के सबसे उम्दा स्ट्राइकर में से एक बने छेत्री ने पाकिस्तान के खिलाफ 2005 में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में पदार्पण मैच में गोल किया था । उन्होंने कहा ,'' उस दिन को मैं कभी नहीं भूल सकता । मुझे याद है जब मैं देश के लिये पहली बार खेला था । यह अविश्वसनीय था ।'' उन्होंने कहा ,'' एक दिन पहले सुबह भारतीय टीम के मेरे पहले कोच सुक्खी सर ( सुखविंदर सिंह) मेरे पास आये और बोले कि तुम खेल रहे हो । मैं पता नहीं सकता कि कैसा महसूस हुआ था ।'' उन्होंने कहा ,'' मैने अपनी जर्सी ली, उस पर परफ्यूम छिड़का । पता नहीं क्यो । उस दिन जो कुछ भी हुआ , उनका मुझे यह बताना, नाश्ते से लंच तक, मेरा पहला गोल और 80वें मिनट में गोल गंवाना ।वह दिन मैं कभी नहीं भूल सकता और राष्ट्रीय टीम के साथ मेरे सफर के सर्वश्रेष्ठ दिनों में से वह एक था ।''

भारतीय फुटबॉल के भविष्य के बारे में उन्होंने कहा कि अब देश को नौ नंबर की जर्सी के लिये अगला खिलाड़ी चुनना होगा । उनका मानना है कि टीम में फिलहाल ऐसे स्ट्राइकर की कमी है जो अपने क्लब के लिये मुख्य स्ट्राइकर के तौर पर खेलता हो ।

छेत्री ने कहा कि हाल ही में उन्हें अहसास हुआ कि अब सफर खत्म करने का समय आ गया है । उन्होंने कहा ,'' पिछले 19 साल में मैने कर्तव्य, दबाव और आनंद की अनुभूति की है । मैने कभी व्यक्तिगत रूप से नहीं सोचा । पिछले डेढ दो महीने से मुझे ख्याल आ रहा था कि अब समय आ गया है । जैसे ही यह ख्याल आया, अतीत की सारी यादें मेरे दिमाग में चलने लगी ।'' उन्होंने कहा ,'' मैने खुद से कहा कि यह मेरा आखिरी मैच होने वाला है । बहुत अजीब लग रहा था । हर मैच, हर कोच, हर टीम, हर मैदान, हर साथी खिलाड़ी, अच्छे बुरे प्रदर्शन, मेरे सारे व्यक्तिगत प्रदर्शन, सब कुछ दिमाग में चलने लगा ।''

## एक बार काम पूरा हो गया तो चला जाऊंगा, फिर कुछ समय नजर नहीं आऊंगा : कोहली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु/भाषा।** भारत के सुपरस्टार बल्लेबाज विराट कोहली को पता है कि वह हमेशा खेलते नहीं रह सकते लेकिन विदा लेने से पहले वह अपना सबकुछ क्रिकेट कैरियर को देना चाहते हैं और उनका कहना है कि एक बार जाने के बाद वह कुछ समय नजर भी नहीं आयेंगे । कोहली आईपीएल में इस सत्र में अब तक का रिकॉर्ड आठवां शतक जड़ चुके हैं । उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिये 13 मैचों में 661 रन बनाये हैं ।

आरसीबी द्वारा सोशल मीडिया पर डाले गए वीडियो में 35 वर्ष के कोहली ने कहा कि मलाल के बिना जीने की ललक ही उनकी प्रेरणा है । उन्होंने कहा ,'' मैं कोई भी काम अधूरा नहीं छोड़ना चाहता ताकि बाद में कोई पछतावा नहीं हो । एक बार काम पूरा हो जाये तो मैं चला जाऊंगा और फिर कुछ समय नजर नहीं आऊंगा ।'' उन्होंने कहा ,'' जब तक मैं खेल रहा हूं, अपना सब कुछ खेल को देना चाहता हूं । यही मेरी प्रेरणा है ।''

कोहली ने कहा ,'' हर खिलाड़ी के कैरियर का अंतिम समय आता है । मैं भी हमेशा खेलता नहीं




रहूंगा लेकिन मैं इस सोच के साथ विदा नहीं लेना चाहता कि अगर मैने उस दिन ऐसा किया होता तो अच्छा होता । ''

कोहली अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप में भारतीय टीम के सदस्य हैं । कोहली ने भारत के लिये 113 टेस्ट, 292 वनडे और 117 टी20 मैच खेलकर 26000 से अधिक रन बनाये हैं । टी20 विश्व कप में उनके नाम 1141 रन हैं ।

भारत टी20 विश्व कप में ग्रुप ए में पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा और अमेरिका के साथ है । भारत को पांच जून को न्यूयॉर्क में पहला मैच आयरलैंड से खेलना है ।

## सुविचार

**ज़िंदगी में रंग और उमंग होना चाहिए, एक सच्चा हमसफ़र भी संग होना चाहिए, माता पिता, गुरुओं का आशीष बना रहे, ज़िंदगी जीने का नया ढ़ंग होना चाहिए।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# वैभव लौटाएं

हाल में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने पीओके के संबंध में जो बयान दिए, उनसे यह संभावना बलवती होती है कि विदेशी साजिशों के कारण भारत माता का जो 'मुकुट' खंडित हुआ था, उसके फिर से जुड़ने का समय आने वाला है। पाक ने वर्ष 1947 में इस इलाके पर अवैध कब्जा किया था। उम्मीद है कि हमें इसका भारत में विलय होते देखने के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। बेशक पीओके हमारा है। उसे पाने के लिए भारतीय संसद का ध्वनिमत से पारित प्रस्ताव मौजूद है। अगर भारत को इसे सैन्य तरीके से हासिल करना होता तो बहुत पहले कर चुका होता, लेकिन देश ने इंतजार किया ... आखिर जो लोग कथित आज़ादी की चाह में 'उस ओर' गए या उसके सुनहरे ख्वाबों के शिकार हुए, उन्हें भी तो पता चले कि पीओके के असल हालात कैसे हैं! वहां पिछले दो वर्षों में आटा, दाल, चीनी, सब्जी, दवाइयों की कीमतों में भारी इजाफा हुआ है, जिससे पाकिस्तान की कलई खुलने लगी है। लोग कैमरे के सामने कबूल करने लगे हैं कि कथित आज़ादी के नाम पर उनके साथ बहुत बड़ा धोखा हुआ है। अब लोगों का 'हृदय-परिवर्तन' होने लगा है। यह बहुत जरूरी था। पीओके में विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों ने पाक फौज के सामने तिरंगा फहरा दिया। पाकिस्तान की नाकामियों के कारण यह आक्रोश अभी और भड़केगा और उस स्तर तक पहुंचेगा, जब भारत को एक गोली चलाने की भी जरूरत नहीं होगी और ... पीओके स्वत: भारत में मिल जाएगा। 'उस पार' के लोग ही पाक के फर्जी कब्जे को उखाड़ फेंकेंगे।

इस समय हमें कुछ जरूरी बिंदुओं पर चिंतन करना चाहिए। हमें उनसे जुड़ीं बातों का ज्ञान होना चाहिए। अभी पीओके में जो हालात पैदा हुए हैं और लोग भारत के साथ मिलने की मांग कर रहे हैं, उसके पीछे सबसे बड़ा कारण महंगाई तथा पाकिस्तान का कुप्रबंधन है। जब ये लोग देखते हैं कि चंद कदमों की दूरी पर (जम्मू-कश्मीर में) आटा, दाल, चीनी, सब्जी, दवाइयां जैसी चीजें काफी सस्ती मिल रही हैं, (तुलनात्मक रूप से) नाममात्र के शुल्क पर भरपूर बिजली मिल रही है, स्कूलों में पढ़ाई का स्तर अच्छा है, चिकित्सा सुविधाएं बढ़िया हैं ... तो उनके दिलो-दिमाग में उमंग उठती है कि पाकिस्तान के सड़े हुए सिस्टम से निकलकर भारत के साथ मिल जाना बेहतर है, क्योंकि वहां भविष्य के लिए उम्मीद है। पाकिस्तान से लोग नाउम्मीद हो चुके हैं। लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि पीओके में आ रही यह 'तब्दीली' अभी कच्ची है, अधूरी है। यह इलाका जिस तरह पाक फौज, आतंकवादी संगठनों, एजेंसियों, भारतविरोधी मीडिया के चंगुल में रहा है, उसका काफी असर उन लोगों की मानसिकता पर भी हुआ है। फौज से लेकर मीडिया तक, हर किसी ने इनके मन में नफरत भरी है। अगर आज पीओके में महंगाई कम हो जाए, चीजें आसानी से मिलने लग जाएं तो वहां भारतविरोधी तत्त्व फिर से सिर उठाने लगेंगे। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि इस पड़ोसी देश ने पीओके में (पाकिस्तानी) पंजाब से बड़ी तादाद में लोगों को लाकर बसा दिया है। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो भी इसकी गवाही देते हैं। वहां कई लोगों के लहजे पर गौर करें तो पता चलता है कि उनकी भाषा कश्मीरी, डोगरी या गोजरी नहीं, बल्कि पंजाबी है। पाकिस्तानी पंजाबियों के साथ सबसे बड़ी समस्या यह है कि वे अपने (हिंदू/सिक्ख) पूर्वजों और सांस्कृतिक पहचान से घृणा करते हैं। वे खुद को विदेशी आक्रांताओं से जोड़कर देखते हैं। ऐसी मानसिकता के लोग भारत की बहुसांस्कृतिक पहचान और सद्भाव के लिए खतरा बन सकते हैं। इसलिए जो लोग पीओके में रहकर भारत में विलय की मांग कर रहे हैं, उनसे सबसे पहले तो यही आशा की जाती है कि वे खुद को भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं से जोड़ें। पीओके में जहां-जहां हिंदू मंदिर हैं, उनका वैभव लौटाएं। सिर्फ यह कहना काफी नहीं है कि '... रास्ते खोल दो', पीओके में सांस्कृतिक चेतना का प्रवाह भी होना चाहिए। वह कलुषिता पूरी तरह धुलनी चाहिए, जो पाक फौज और कट्टरपंथियों की देन है।

## ट्वीटर टॉक



डेंगू बीमारी एक जानलेवा बीमारी है जो मच्छरों से फैलती है। इस बीमारी की जागरूकता से ही रोकथाम संभव है। आज राष्ट्रीय डेंगू दिवस इसी लक्ष्य के साथ मनाया जाता है। सभी देशवासियों की इसमें सहभागिता से ही यह बीमारी समाप्त होगी।

**-सीपी जोशी**



हमारी माताएं-बहनें, हर परिवार की बेहतरीन प्रबंधक होती हैं, इसलिए ये देश उनके इस कौशल सदुपयोग के बिना विकसित नहीं हो सकता। तभी मोदी माताओं-बहनों की सुविधा और समृद्धि के लिए हर योजना बना रहा है।

**-नरेन्द्र मोदी**



देश के संविधान को कोई नहीं बदल सकता न ही आरक्षण को खत्म किया जा सकता है। देश की जनता जानती है जब भी चुनाव आते हैं, तो कांग्रेस इस तरह से भ्रम फैलाने का काम करती है। आप कांग्रेस के घोषणा पत्र को देख लीजिये उन्होंने कितने वायदे किये और कितने वायदों को पूरा किया है।

**-भजनलाल शर्मा**

## प्रेरक प्रसंग

# अनमोल कला

एक अमेरिकी करोड़पति ने पिकासो को अपनी तस्वीर बनाने को दी। वह करोड़पति इस बीच बार-बार पूछता रहा कि तस्वीर बनी कि नहीं। पिकासो खबर भिजवाता कि थोड़ा धैर्य रखिये। दो वर्ष के बाद पिकासो ने खबर भिजवाई कि अपना चित्र ले जाएं। करोड़पति ने पूछा, 'इसका दाम?' पिकासो ने कहा, पांच हज़ार डॉलर! करोड़पति चौंक उठा बोला, 'क्या? पांच हज़ार! थोड़ा-सा कैनवास और थोड़े से रंग और इसके दाम पांच हज़ार डॉलर? पांच-दस डॉलर में ये सारे सामान बाजार में मिल जायेंगे!' पिकासो ने अपने सहयोगी को कहा कि जाओ भीतर इससे बड़ा कैनवास और रंगों की ट्यूब लेकर आओ और इन्हें दे दें। ये जितना भी दाम देते हों, ले ले। उसने ऐसा ही किया सारा सामान उस करोड़पति के सामने रख दिया और कहा ये रहा आपका पोर्ट्रेट अब आपकी जो मर्जी दस-पांच डॉलर दे जाएं और यह सब लेते जाएं। करोड़पति घबरा कर बोला, ये सब ले जाकर मैं क्या करूंगा?' तब पिकासो ने कहा, 'तस्वीर रंगों और कैनवास का जोड़ नहीं है उससे कहीं ज्यादा है। इनके द्वारा तो हम उसे उतारते हैं जो कैनवास और रंग नहीं है।

## सामयिक

# यूपी में मिशन 80 का लक्ष्य साधती 'मोदी-योगी' की जोड़ी

**आर.के. सिन्हा**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विगत दिनों पवित्र वाराणसी में लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए अपना पर्चा भरने से एक दिन पहले जब काशी में रोड शो निकाला तो उनकी साये की तरह साथ रहनेवाले उत्तर प्रदेश (यूपी) के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी थे। रोड शो के सारे मार्ग में काशी की जनता ने मोदी-योगी का जिस उत्साह से अभूतपूर्व स्वागत किया उसने स्वतः कई ठोस संकेत दे दिए। वैसे भी लोकसभा चुनाव के समर में सारे देश की निगाहें उत्तर प्रदेश पर लगी हुई हैं। सब जानने को उत्सुक हैं कि यूपी किस पार्टी की झोली को आगामी 4 जून को भरकर दिल्ली की सत्ता की चाबी सौंपेगा। सियासी गलियारे में वैसे भी यह कहावत पुरानी है कि दिल्ली के सिंहासन का रास्ता यूपी से होकर गुजरता है। यानी जिस पार्टी के पास यूपी में सबसे अधिक सीटें होंगी, प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचने का उसका रास्ता उतना ही आसान होगा। यही वजह है कि यूपी की 80 सीटों पर जीत हासिल करने के लिए राजनीतिक दल 2024 लोकसभा चुनावों में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे। अलबत्ता सियासी पैंतरेबाजी से उलट राजनीतिक विश्लेषक यही मान रहे हैं कि इस बार यूपी में लोकसभा चुनाव के परिणाम अप्रत्याशित नहीं होंगे। भाजपा 2019 लोकसभा चुनावों का प्रदर्शन बख़ूबी दोहराएगी। मोदी और योगी की जोड़ी एक बार फिर करिश्माई प्रदर्शन करेगी। दरअसल, मोदी-योगी की जोड़ी जीत की गारंटी बन चुकी है, जिसके आगे विपक्षी तेवर भी ढीले नजर आते हैं। विपक्ष के पास इस जोड़ी की कोई काट नहीं।

भाजपा अगर यूपी में लोकसभा की सभी 80 सीटों पर जीत के लक्ष्य के साथ चुनावी मैदान में ताल ठोंक रही है, तो उसके पीछे भी इसी जोड़ी का भरोसा है। प्रधानमंत्री कई बार सार्वजनिक मंचों से योगी के विकास मॉडल की तारीफ कर चुके हैं। प्रधानमंत्री इसी मॉडल के जरिए यूपी की सभी सीटों पर जीत का दावा भी कर रहे हैं। जैसा कि अमरोहा की अपनी चुनावी जनसभा में प्रधानमंत्री ने कहा भी कि लिखकर ले लीजिए। सात साल से यूपी में योगी की सरकार है। 2019 लोकसभा चुनाव के समय उन्हें दो ही साल काम करने का मौका मिला था। अब तो सात साल हो गए हैं। योगी ने दिखा दिया है कि 'गर्वनेंस क्या होता है। कानून व्यवस्था क्या होती है। विकास क्या होता है और इसलिए योगी के नेतृत्व में इस बार रिकॉर्ड टूटेगा। इस बार 2014 और 2019 का रिकॉर्ड टूटेगा और यूपी इतिहास रचेगा।'

यूपी के चुनावी सफर में 2014 का लोकसभा चुनाव मील का पत्थर साबित हुआ। इसी साल यूपी में भाजपा का सियासी वनवास पूरा हुआ। उस समय भाजपा के सामने कोई गठबंधन नहीं था। भाजपा ने करीब 43 फीसदी वोट हासिल करते हुए 80 में से 71 सीटों पर जीत दर्ज की थी। समाजवादी पार्टी ने पांच सीटें जीती। जबकि, कांग्रेस मात्र 2 सीटों पर ही सिमटकर रह गई थी। बसपा का तो खाता भी नहीं खुला था। वर्ष 2019 लोकसभा चुनाव में मोदी लहर और योगी के कार्यों के दम पर बीजेपी ने चुनावी दंगल में पुनः ताल ठोंकी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो साल का कार्यकाल पूरा कर चुके थे। नरेंद्र मोदी को रोकने के लिए समाजवादी पार्टी और बसपा साथ आए। रालोद ने भी साथ दिया। हालांकि चुनाव परिणाम पुनः भाजपा के पक्ष में ही रहा। भाजपा ने करीब 50 फीसदी वोट शेयर के साथ 61 सीट जीती। बसपा 10 सीट, सपा 5 सीट और कांग्रेस के खाते में महज एक सीट आई।

योगी ने 2019 के बाद एक मजबूत और कड़े फैसले लेने वाले मुख्यमंत्री की छवि बनाई और जिसकी परिणिति उत्तरप्रदेश में बुलडोजर के रूप में सामने आई। जो कहीं न कहीं 2022 विधानसभा चुनाव में भाजपा का चुनावी सिंबल सा बन गया। मुख्यमंत्री ने राज्य में कानून व्यवस्था के मोर्चे पर अपने प्रदर्शन के चलते चुनाव को आभासी जनमत संग्रह बना दिया था। भाजपा ने चुनावों में ऐतिहासिक वापसी की और तीन दशकों से चल रहा समाजवादी पार्टी की साइकिल का पहिया पूरी तरह रुक गया। यूपी में भाजपा का वोट प्रतिशत भी 2014 के बाद से लगातार 40 फीसद के ऊपर ही बना हुआ है।

विगत दो लोकसभा चुनावों के मुकाबले 2024 चुनाव में स्थिति बिल्कुल अलग है। सपा ने इस बार कांग्रेस से हाथ मिला लिया है जबकि बसपा अकेले ताल ठोंक रही है। रालोद भी इस बार भाजपा के साथ है। एनडीए ने जातीय समीकरण बैठाने के लिए अपना दल (एस), निषाद पार्टी और सुभासपा जैसे क्षेत्रीय दलों के साथ भी गठबंधन किया है। भाजपा इस लोकसभा चुनाव में यूपी में बेहतर स्थिति में है तो इसमें केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियों के साथ योगी मॉडल का अहम योगदान है। केंद्र में जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योजनाओं को जमीनी स्तर पर उतारा। जिस तरह गरीब, युवा, महिला और किसानों के जीवन में खुशहाली लेकर आए उसी तरह योगी ने यूपी में सुशासन का राज कायम काम किया। योगी के सुशासन को अगर आंकड़ों के पैरामीटर पर देखें तो यह जानकर संतुष्टि होती है कि सात साल के कार्यकाल में एक भी दंगे नहीं हुए। जबकि पहले के मुख्यमंत्रियों के समय औसतन हर तीसरे-चौथे दिन एक दंगा होता था। यह किसी से छिपा नहीं है कि पहले पेशेवर माफिया और अपराधी सत्ता के संरक्षण में दहशत फैलाते थे।

योगी राज में माफियाओं पर लगाम लगी। यूपी में जनता अब भयमुक्त है, अपराधियों के मन में कानून का खौफ है। पुलिस अपराधियों, माफियों और दंगाइयों पर कहर बनकर टूटी है। उत्तर प्रदेश अपराध मुक्त, भयमुक्त एवं दंगामुक्त हुआ है। प्रदेश में पुलिस के डर से बड़े-बड़े अपराधी और माफिया प्रदेश छोड़कर या तो भाग गए या उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिए हैं। यूपी में विकास योजनाओं को अमलीजामा पहनाने में केंद्र सरकार ने भी भरपूर साथ दिया। यही वजह है कि केंद्र की योजनाओं यूपी में खूब फलीभूत हुई। जिस कारण यूपी की अर्थव्यवस्था में गुणात्मक सुधार हुए। वर्ष 2016-17 के मुकाबले राज्य का सकल घरेलू उत्पाद(जीएसडीपी) दोगुनी होकर 25 लाख करोड़ तक पहुंच गया। राज्य सरकार ने 2027 तक प्रदेश की अर्थ व्यवस्था को वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है। प्रदेश का बजट 2016-17 में जहां 3.46 लाख करोड़ रुपये का था वहीं 2024-25 में यह दोगुने से भी अधिक 7.36 लाख करोड़ रुपये का हो गया। विकास के इन्हीं आंकड़ों की बदौलत भाजपा यूपी में मिशन 80 का लक्ष्य हासिल करने का दावा कर रही है। लोकसभा चुनावों में कौन बाजी मारेगा यह तो भविष्य के गर्भ में छिपा है , लेकिन; इतना तो तय है कि मोदी-योगी की जोड़ी पर यूपी की जनता का विश्वास बना हुआ दिख रहा है।

(लेखक पूर्व सांसद हैं)

## विचार

# नेताओं के एग्जिट पोल

**बाल मुकुन्द ओझा**

**मोबाइल : 9414441218**



चुनाव आयोग ने किसी भी तरह के एग्जिट पोल पर रोक लगा रखी है मगर नेताओं के एग्जिट पोल मीडिया में सुर्खियां लिए हुए है। चुनाव प्रचार के दौरान नेता तरह तरह की घोषणा कर रहे है इनमें विरोधी पार्टी की सीटों की संख्या की घोषणा भी शामिल है। इंडि गठबंधन के नेता भाजपा की सीटें 100 से 200 तक बता रहे है। बहरहाल चुनाव प्रचार अपने चरम पर है। लोकसभा चुनाव के चार चरण पूरे हो गए है। दो तिहाई सीटों पर मतदान के बाद सभी पार्टियां अपनी जीत के दावे कर रही है। मतदान के बाद अब जीत-हार की चर्चा तेज हो गई है। गुणा-भाग जारी रही। बढ़े हुए मतदान प्रतिशत को लेकर सभी दलों के कार्यकर्ता अपने लिए शुभ संकेत बता रहे हैं। चौक चौराहों पर लोग चुनावी बतरस में व्यस्त है। सब की जुबान पर एक ही बात है कि सरकार कौन बना रहा है। चाय पान की थड़ियों, होटलों, परचून की दुकानों में लग रही चौपालों में समूहों में बैठे पार्टियों के कार्यकर्ता तथा समर्थक अपने-अपने आंकड़े बताकर जीत का दावा-प्रतिदावा कर रहे हैं। सियासी नेता अपनी जीत के साथ दूसरी पार्टियों की हार के दावे कर रहे है। इंडि गठबंधन के नेता एनडीए और भाजपा की सीटों के गणित में फंसे है। सभी अपने अपने हिसाब से एक दूसरे की सीटों की भविष्यवाणी कर रहे है। खछ्ळ्ख- गठबंधन ने अपना एग्जिट पोल भी जारी कर दिया है। इंडि गठबंधन के नेता इस बात पर एकमत नहीं है कि भाजपा को कितनी सीटें मिलेगी। इंडि के नेता राहुल गाँधी, खरगे, तेजस्वी और अखिलेश यादव, अरविन्द केजरीवाल, उद्धव ठाकरे, ममता बनर्जी आदि ने अपने अपने हिसाब से एग्ज़िट पोल की घोषणा कर दी है। राहुल गांधी जहाँ एनडीए को 230 सीटों पर सिमटने की भविष्यवाणी कर रहे है वहीं अरविन्द केजरीवाल 100 सीटों से आगे नहीं बढ़ रहे है। लालू यादव और ठाकरे 200 से कम बता रहे है।

एनडीए अपने 400 पार के नारे पर कायम है। गृह मंत्री अमित शाह इसे नारा नहीं संकल्प बता कर यह घोषणा भी कर रहे है कि चार चरणों के चुनाव के बाद एनडीए 270 सीट प्राप्त कर रहा है। इसी बीच फलोदी के सट्टा बाजार पर नज़र डाले तो भाजपा देश में सरकार बनाने की ओर बढ़ रही है।

बताया जाता है 1952 में कुछ स्थानीय लोगों ने विधान सभा चुनाव को लेकर दांव लगाए तब सट्टा बाजार की शुरुआत हुई थी। फलौदी के कुछ लोग कहते हैं- यह बाजार हमारी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है। देशभर के सटोरिये इस बात पर तो एकमत है कि सरकार तो मोदी ही बनाएंगे। मगर 400 पार के दावे पर संशय व्यक्त कर रहे है। गौरतलब है लोकसभा चुनाव से पहले कई ओपिनियन पोल सामने आ चुके हैं, जिसमें बीजेपी की फिर से सरकार बनती दिख रही है। हालांकि यह तो 4 जून को मतगणना के परिणाम से ही मालूम होगा कि कौन जीत रहा है और किसकी हार होगी।

## नजरिया

# साइलेंट किलर की भूमिका में हाइपरटेंशन

**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

**मोबाइल : 082374 17041**



हाइपरटेंशन या उच्च रक्तचाप, दुनिया भर में सबसे तेजी से बढ़ती जानलेवा बीमारियों की जननी है, जिससे लाखों लोगों की समय से पहले मौत हो जाती है। अनियंत्रित उच्च रक्तचाप से दिल का दौरा या स्ट्रोक, धमनीविस्फार, दिल की धड़कन रुकना, गुर्दे संबंधित समस्याएं, आंखों की समस्या, चयापचयी समस्या, मनोभ्रंश, स्मृतिदोष जैसी जटिलताएँ उत्पन्न हो सकती हैं। उच्च रक्तचाप को साइलेंट किलर कहा जाता है क्योंकि साधारणत इसके लक्षण दिखाई नहीं देते और अचानक शरीर में आघात होता है। हर साल 17 मई को दुनियाभर में विश्व उच्च रक्तचाप दिवस हाइपरटेंशन के बारे में जागरूकता बढ़ाने, स्थिति का शीघ्र पता लगाने को बढ़ावा देने और स्वस्थ भविष्य के लिए उच्च रक्तचाप के प्रभावी प्रबंधन को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। सामान्य बीपी अर्थात रक्तचाप 120/80 या उससे कम होता है। हाइपरटेंशन (उच्च रक्तचाप) तब होता है जब रक्त वाहिकाओं में दबाव सामान्य से बहुत अधिक (140/90 या अधिक) होता है, यह शुरुआत होती है, लेकिन अगर इलाज न किया जाए तो यह गंभीर हो सकता है। रक्त पंप करने के लिए हृदय को सामान्य से अधिक दबाव सहन करना पड़ता है। उच्च रक्तचाप का पता लगाने का एकमात्र तरीका अपने रक्तचाप की जांच करवाना है।

डब्ल्यूएचओ ने उच्च रक्तचाप के बारे में कुछ मुख्य तथ्य दर्शाए हैं, दुनिया भर में 30-79 वर्ष की आयु के अनुमानित 1.28 अरब वयस्कों को उच्च रक्तचाप है, जिनमें से अधिकांश (दो-तिहाई) निम्न और मध्यम आय वाले देशों में रहते हैं। अनुमानित 467 वयस्क उच्च रक्तचाप से पीड़ित इस बात से अनजान हैं कि उन्हें यह समस्या है। उच्च रक्तचाप से पीड़ित आधे से भी कम वयस्कों (427) का निदान और उपचार किया जाता है। उच्च रक्तचाप से पीड़ित लगभग 5 में से केवल 1 वयस्क (217) में यह स्थिति नियंत्रण में है। उच्च रक्तचाप दुनिया भर में असामयिक मृत्यु का एक प्रमुख कारण है, जिससे प्रति वर्ष 75 लाख मौतें होती है, जो वैश्विक स्तर पर लगभग 30 प्रतिशत मौतों के लिए जिम्मेदार है।

उच्च रक्तचाप में वैश्विक प्रभाव की स्थिति पर विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट में कहा गया है कि, यदि उच्च रक्तचाप से पीड़ित आधे लोग भी अपने रक्तचाप को नियंत्रण में रखें तो भारत देश में 2040 तक कम से कम 46 लाख असमय होने वाली मौतों को रोका जा सकता है। उच्च रक्तचाप से पीड़ित केवल 37 प्रतिशत भारतीयों का ही निदान हो पाता है और उनमें से केवल 30 प्रतिशत ही इलाज करा पाते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्तमान में, देश में उच्च रक्तचाप से पीड़ित केवल 15 प्रतिशत लोगों में ही यह स्थिति नियंत्रण में है। वास्तव में, इसमें कहा गया है, देश में दिल का दौरा जैसी हृदय संबंधी बीमारियों के कारण होने वाली आधी से अधिक मौतों (52 प्रतिशत) का कारण उच्च रक्तचाप हो सकता है। भौतिक सुख-सुविधा पर निर्भरता ने मनुष्य को काफी हद तक मानसिक और शारीरिक तौर पर कमजोर कर दिया है, जिससे मनुष्य की सहनशक्ति, विचारशक्ति क्षीण होकर तनाव, चिड़चिड़ापन, दुर्व्यवहार और स्वार्थीवृत्ति में लगातार वृद्धि हुयी है। इससे सामाजिक समस्याओं में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है, जिसका सीधा असर स्वास्थ्य पर पड़ता है। बड़ी उम्र, आनुवंशिकी, अधिक वजन या मोटापा, शारीरिक रूप से सक्रिय न रहना, अधिक नमक वाला आहार, बहुत अधिक धूम्रपान, शराब पीना जैसी स्थिति उच्च रक्तचाप होने का ख़तरा बढ़ाता है।

ग्रामीण आबादी के मुकाबले सुविधा संपन्न शहरी जनसंख्या अधिक बीमारियों का बोझ ढोते है। शहर में विकास के नाम पर शरीर कमजोर हो गए है। प्रदूषण, तनाव, गलत खानपान, व्यसन, अनिद्रा, मिलावटखोरी, व्यायाम की कमी, संसाधनों पर निर्भरता अर्थात आधुनिक जीवनशैली ने शारीरिक और मानसिक तौर पर हमें बीमार बनाया है। अब हार्ट अटैक या स्ट्रोक उम्र देखकर नहीं बल्कि छोटे बच्चों से लेकर किसी को भी, कभी भी हो सकता है। प्रदूषित वातावरण इस हद तक बढ़ गया है कि गर्भावस्था के दौरान भी गर्भ में पल रहे बच्चों में विकलांगता और जानलेवा बीमारियों में वृद्धि हो रही है। स्वास्थ्य सम्बंधित बढ़ती समस्याओं के मूल कारण की ओर लोगों में विशेष जागरूकता नजर नहीं आती है। बीमारियां लगातार क्यों बढ़ रही है, इसके प्रति समाज और देश में बड़े पैमाने पर इतिहास रचने लायक जनजागृति और कड़े नियमों, कानूनों की आवश्यकता है। स्वास्थ्य से खिलवाड़ होने लायक कोई भी गतिविधि देश में नहीं होनी चाहिए, ये पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की है और सरकार को पूरा सहयोग करने की नैतिकता जनता की है।

हाइपरटेंशन के रोकथाम में दवा और आधुनिक जीवनशैली में बदलाव के साथ-साथ अधिक हरी पत्तेदार सब्जियां, मौसमी फल खाएं, ज्यादा देर तक लगातार बैठना टाले, शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय रहें, जैसे चलना, दौड़ना, तैरना, नृत्य करना या वजन उठाने जैसी ताकत बढ़ाने वाली गतिविधियां अपनी दिनचर्या में शामिल करें। अपने वजन को संतुलित रखें, तनाव को कम करके नियमित रूप से रक्तचाप की जाँच करें, समस्या हो तो योग्य उपचार करना आवश्यक है, चिकित्सक अनुसार देखभाल करें और औषधि लें। सकारात्मक विचारशैली, हेल्दी हॉबी, पोषक आहार, नशे से मुक्ति, स्वच्छता और रोजाना व्यायाम जैसी आदतें हमें बीमारियों से कोसों दूर रखती है। आज के युग की समस्या की सबसे बड़ी जड़ अर्थात झूठा दिखावा और लोगों से ज्यादा अपेक्षाएं है जो इंसान की सोच को कमजोर करती है, अगर हम ऐसे बेमतलब की बातों से दूर रहेंगे तो हम भावनात्मक रूप से मजबूत बनेंगे, जो मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद आवश्यक है। निस्वार्थ परोपकार, समाज सेवा, प्रकृति और जानवरों से प्रेम, देश और समाज के प्रति नैतिक जिम्मेदारियों को निभाने से मानसिक शांति और आंतरिक संतुष्टि मिलती है कि हम इंसान बनकर जी रहे हैं, जो आज के समय में बहुत आवश्यक है, यह तनाव मुक्त जीवन जीने का एक आसान तरीका है।

महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टेंडर एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

शुभारंभ



हैदराबाद में अभिनेत्री आशु रेड्डी, वर्षा, अमिक्षा और फैशन प्रेमी गुरुवार को हैदराबाद में एचआईसीसी – नोवोटेल में हिलिफ़ प्रदर्शनी के भव्य शुभारंभ पर।

# भारत अगले वित्त वर्ष में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा: सान्याल

नई दिल्ली/भाषा। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (पीएमईएसी) के सदस्य संजीव सान्याल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत 2024–25 में 4,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था होगा और अगले वित्त वर्ष की शुरुआत में जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। सान्याल ने यह भी कहा कि कमजोर निर्यात समेत विभिन्न चुनौतियों को देखते हुए देश के लिए सात प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर अच्छी वृद्धि दर होगी। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम में कहा, ''निश्चित रूप से चालू वित्त वर्ष में हम 4,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था होंगे।''

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में कहा था कि भारत 2027 तक जापान और जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारत वर्तमान में अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। बाजार मूल्य पर अर्थव्यवस्था का आकार लगभग 3,700 अरब डॉलर है। सान्याल ने कहा कि जापान अब 4,100 अरब डॉलर के साथ हमसे थोड़ा ही आगे है। उन्होंने कहा, ''या तो अगले साल की शुरुआत में या इसी साल, हम जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।'' सान्याल ने कहा कि जर्मनी 4,600 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था है और यह बढ़ नहीं रही है। इस लिहाज से यह एक स्थिर लक्ष्य है। उन्होंने कहा, ''शायद दो साल में हम जर्मनी से आगे निकल जाएंगे। इसलिए, मुझे लगता है कि दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के मामले में, हम अब लक्ष्य के काफी करीब हैं।''

सान्याल ने तर्क दिया कि सरकार को आर्थिक वृद्धि को आठ–नौ प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए किसी भी वित्तीय कदम पर जोर नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा, ''यदि आप इसे समझ गए, तो बढ़िया है, लेकिन समय के साथ लगभग सात प्रतिशत की वृद्धि एक बहुत अच्छी वृद्धि दर है।'' सान्याल ने कहा कि वृद्धि पर वृद्धि (चक्रवृद्धि) होना सबसे महत्वपूर्ण चीज है क्योंकि इससे नौकरियां सृजित होंगी और कर संग्रह बढ़ेगा। उल्लेखनीय है कि एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और फिच रेटिंग्स ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। वहीं अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स और मॉर्गन स्टेनली ने वित्त वर्ष 2024–25 के लिए वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहने की संभावना जतायी है।



### 165वीं एसएलबीसी बैठक

# पीएमजेजेबीवाई और पीएमएसबीवाई के तहत आबादी को कवर करने की सलाह दी

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। यहां विधान सौधा मीटिंग हॉल में बुधवार को 165वीं एसएलबीसी बैठक हुई। अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं विकास आयुक्त डॉ. शालिनी रजनीश के नेतृत्व में हुई इस बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक की क्षेत्रीय निदेशक सोनाली सेन गुप्ता, नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक टी रमेश, केनरा बैंक के कार्यकारी निदेशक भवेंद्र कुमार, एसएलबीसी कर्नाटक संयोजक केजे श्रीकांत मौजूद थे। बैठक में सभी बैंकों के राज्य नियंत्रक प्रमुख और अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। डॉ. शालिनी रजनीश ने सभी संबंधित विभागों और बैंकरों को पीएमजेजेबीवाई और पीएमएसबीवाई के तहत समस्त पात्र आबादी को कवर करने की सलाह दी। साथ ही चौथी तिमाही के दौरान 78.19 प्रतिशत का सीडी अनुपात हासिल करने के लिए सभी बैंकरों की सराहना की।

डॉ. शालिनी रजनीश ने सूचित किया कि एसीपी के तहत 31 मार्च तक उपलब्धि बहुत सफल है। कृषि के तहत यह वार्षिक लक्ष्य का 104 प्रतिशत है। यह कुल ऋण के तहत 114 प्रतिशत और कुल प्राथमिकता क्षेत्र के तहत 97 प्रतिशत है। उन्होंने अच्छे प्रदर्शन के लिए सभी बैंकर्स को बधाई दी। लेकिन साथ ही कहा कि प्राथमिकता शिक्षा (29 प्रतिशत) और प्राथमिकता आवास (26 प्रतिशत) के तहत प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं है। उन्होंने बैंकर्स से वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए सभी मापदंडों के तहत निर्धारित लक्ष्य हासिल करने का आग्रह किया।

उन्होंने अप्रैल के पहले सप्ताह में वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए वार्षिक क्रेडिट योजना के सफल लॉन्च के लिए सभी अग्रणी जिला प्रबंधकों और बैंकरों को बधाई दी। कर्नाटक अखिल भारतीय स्तर पर लॉन्च करने वाला पहला राज्य है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने दुनिया में भारत की छवि बदल दी : भारतवंशी डॉक्टर

वाशिंगटन/भाषा। भारतीय–अमेरिकी समुदाय के एक नामी डॉक्टर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने शासन के पिछले 10 वर्षों में दुनिया में भारत की छवि बदल दी और एक सच्चे वैश्विक नेता के रूप में उभरे हैं।

पेंसिल्वेनिया प्रांत के फिलाडेल्फिया के भारतवंशी हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ बिंदुकुमार कंसुपाड़ा ने बुधवार को भाषा के साथ एक साक्षात्कार में कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी दुनिया में न केवल भारत की बल्कि भारतीयों की छवि बदल रहे हैं। उन्हें अब एक वैश्विक नेता माना जाता है...मुझे विश्वास है कि मोदी भारतीय गौरव, भारतीय संस्कृति, योग, आयुर्वेद के प्राचीन भारतीय ज्ञान को पुनर्जीवित कर रहे हैं।''

डॉ. कंसुपाड़ा दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन ''डेसिस डिसाइड्स'' में भाग लेने के लिए यहां आए थे, जिसे बुधवार को उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने संबोधित किया था। कंसुपाड़ा 'व्हील्स ग्लोबल फाउंडेशन' के निदेशक मंडल में हैं।

हालिया समय में कई बार भारत की यात्रा करने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, ''मेरे दृष्टिकोण से मोदी ने काफी कुछ किया है। शिक्षा में, जब मैं मेडिकल कॉलेज में था, उस वक्त मुंबई में केवल चार मेडिकल कॉलेज थे। अब भारत में, 700 से अधिक मेडिकल कॉलेज हैं। प्रत्येक जिले में एक मेडिकल कॉलेज है। मुझे याद है कि 1970 में भारत में केवल पांच आईआईटी थे। अब 23 आईआईटी हैं।''

भारतवंशी डॉक्टर ने कहा, ''भारतीय युवाओं में जबरदस्त आत्मविश्वास है। पर्यटन के साथ तीर्थाटन विकसित हो गया है।

# पीओके भारत का है, रहेगा और वह हम लेकर रहेंगे: अमित शाह

सीतामढी/भाषा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि पीओके भारत का है, रहेगा और 'वह हम लेकर रहेंगे ।' सीतामढ़ी से राजग उम्मीदवार (जदयू) देवेश चंद्र ठाकुर के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने यहां कहा, ''ये कांगेस वाले, ये फारूक अब्दुल्ला हमें डराते हैं कि पीओके मत मांगिए, उनके पास (पाकिस्तान के पास) एटम बम है। अरे राहुल बाबा, आपको डरना है तो डरिए पाकिस्तान से, एटम बम से, ये 140 करोड़ का महान भारत है, वह किसी से नहीं डरता। मैं आज सीता माता की धरती पर कहकर जाता हूं, पीओके भारत का है, रहेगा और वह हम लेकर रहेंगे ।'' उन्होंने आरोप लगाया, ''ये कांग्रेस पार्टी और लालू एंड कंपनी ने 70 साल तक अनुच्छेद 370 को एक बच्चे की तरह गोदी में खिलाती रही। आपने मोदी जी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया, उन्होंने पांच अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 को समाप्त कर दिया । ये लालू बाबा और राहुल जी कहते थे, 370 मत हटाओ, वहां खून की नदियां बह जाएंगी ।

शाह ने कहा, ''कांग्रेस पार्टी और राजद कई साल तक राम मंदिर के प्रश्न को लटकाते, अटकात, भटकाते रहे। मोदी जी को, बिहार वालो, आपने दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया, पांच साल में ही केस भी जीता, भूमिपूजन भी किया और 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कर जय श्रीराम कर दिया ।

# 'स्कैम' का तीसरा सीजन सुब्रत रॉय के जीवन पर होगा आधारित

मुंबई/एजेन्सी

फिल्मकार हंसल मेहता की सीरिज 'स्कैम' का तीसरा सीजन उद्योगपति सुब्रत रॉय के जीवन पर आधारित होगी। इस सीरिज का नाम 'स्कैम 2010– द सुब्रत रॉय सागा' होगा। इसकी कहानी तमाल बंद्योपाध्याय की किताब 'सहारा: द अनटोल्ड स्टोरी' पर आधारित होगी। ओटीटी मंच सोनी लिव की इस सीरीज का निर्माण स्टूडियो नेक्स्ट और अप्लॉज एंटरटेनमेंट मिलकर करेंगे। मेहता इसके निर्देशक होंगे। निर्माताओं की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, '' 'स्कैम 2010' रॉय के जमीन से आसमान तक पहुंचने की कहानी है। 2000 के दशक की शुरुआत में रॉय पर 'चिट–फंड' हेरफेर और फर्जी निवेशकों के आरोप लगे जिसके बाद 2014 में उन्हें गिरफ्तार भी किया गया। करीब 25,000 करोड़ रुपये अब भी सरकारी अधिकारियों के पास पड़े हैं...'' मेहता ने एक बयान में कहा, '' 'स्कैम' मेरे लिए सिर्फ एक 'फ्रेंचाइजी' नहीं है। यह हमारे समय की दास्तां है।

मैं इस कहानी को पेश करने के लिए अप्लॉज और सोनी लिव के साथ फिर से सहयोग करके खुश हूं।'' इसके पहले दो सीजन 'स्कैम 1992: द हर्षद मेहता स्टोरी' और 'स्कैम 2003: द तेलगी स्टोरी' हैं। मेहता ने अभी तक आगामी सीरिज के लिए कलाकारों की घोषणा नहीं की है।



चुनाव प्रचार

दलाश में गुरुवार को भाजपा प्रत्याशी कंगना रानौत चुनाव प्रचार करती हुई।



# बेंगलूरु में हुआ एसरप्योर ब्रांड का उद्घाटन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। आईटी और प्रौद्योगिकी समाधानों में वैश्विक अग्रणी एसर ग्रुप ने बेंगलूरु में एक शानदार लॉन्च इवेंट में भारत में एसरप्योर ब्रांड के लॉन्च के साथ उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में प्रवेश की घोषणा की। एसरप्योर इंडिया भारतीय उपभोक्ताओं की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप नवीन और अत्याधुनिक उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू उपकरणों की एक श्रृंखला की पेशकश करके उद्योग को बदलने के लिए तैयार है। लॉन्च कार्यक्रम में एसर ग्रुप के पैन–एशिया पैसिफिक ऑपरेशंस के अध्यक्ष एंड्रयू होउ, एसर इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक हरीश कोहली, एसर इंडिया के मुख्य व्यवसाय अधिकारी सुधीर गोयल, एसरप्योर इंक. के अध्यक्ष स्टेनली काओ, एसरप्योर इंडिया के निदेशक जी वासुदेव और डिक्सन टेक्नोलॉजीज के सह–संस्थापक और कार्यकारी अध्यक्ष सुनील वाचानी उपस्थित थे।

एसरप्योर इंडिया उपभोक्ता उपकरण उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करता है, प्रत्येक को रोजमर्रा की जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया है। हमारे



अत्याधुनिक टीवी में सन्निहित 'शुद्ध दृष्टि' के मनोरम आकर्षण से लेकर उनके अत्याधुनिक एसरप्योर कूल एयर प्यूरीफायर द्वारा प्रदान की जाने वाली कायाकल्प करने वाली 'शुद्ध सांस' तक, जबकि एसरप्योर अमृत वाटर प्यूरीफायर न केवल जलयोजन का वादा करते हैं, बल्कि 'शुद्ध पानी' का आश्वासन, जबकि उन्नत एसरप्योर कोज़ी एयर सर्कुलेटर पंखे और उनके एसरप्योर क्लीन वैक्यूम क्लीनर द्वारा हासिल की गई प्राचीन सफाई 'शुद्ध आराम' और 'शुद्ध अनुभव' की अनुभूति पैदा करती है। एसरप्योर इंडिया की इनोवेटिव लाइनअप समझदार भारतीय बाजार के लिए उपभोक्ता उपकरणों में एक नए मानक का प्रतीक है।

इसके अतिरिक्त, एसरप्योर ने उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों की एक विविध श्रृंखला का प्रदर्शन किया, जिसमें एयर सर्कुलेटर पंखे, वॉटर प्यूरीफायर, हाथ से पकड़े जाने वाले वैक्यूम क्लीनर, दो रोबोटिक वैक्यूम क्लीनर, हेयर ड्रायर और हेयर स्टाइलर शामिल हैं, जो आधुनिक जीवन के लिए व्यापक समाधान प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को उजागर करते हैं। भविष्य को देखते हुए, एसरप्योर इंडिया रेफ्रिजरेटर, एयर कंडीशनर, वॉशिंग मशीन और बहुत कुछ सहित उत्पादों की एक श्रृंखला पेश करके अपनी पेशकशों में विविधता लाने की योजना बना रहा है।

# फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन खिताब से सम्मानित हुयी शबाना आजमी

मुंबई/एजेन्सी



बॉलवुड की जानीमानी अभिनेत्री शबाना आजमी को 'फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन' खिताब से सम्मानित किया गया है। शबाना आजमी को महिलाओं के हक के लिए, उनके अधिकारों के लिए खड़े होने के लिए और भारतीय सिनेमा में अपने बेहतरीन योगदान के लिए फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन के खिताब से सम्मानित किया गया है।

शबाना आजमी वार्षिक यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल (यूकेएएफएफ) में शामिल होने के लिए लंदन में मौजूद थीं।सिनेमा में उनके 50 साल पूरे होने का जश्न भी इस इवेंट में मनाया किया गया। शबाना आजमी ने कहा, मैं फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन पुरस्कार पाकर बेहद सम्मानित महसूस कर रही हूं। यह सिनेमा की शक्ति का प्रमाण है कि हम सीमाओं को पार करने और समाज पर सार्थक प्रभाव डालने में सक्षम हैं। मुझे यह अवॉर्ड दिए जाने पर मैं आभारी हूं और सकारात्मक बदलाव का समर्थन करने के लिए अपनी आवाज एवं मंच का उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध हूं।



# आज रिलीज होगी फिल्म 'कर्तम भुगतम'

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेता श्रेयस तलपड़े की फिल्म कर्तम भुगतम, 17 मई को रिलीज होगी। फिल्म कर्तम भुगतम में श्रेयस तलपड़े, विजय राज और मधु की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म को सोहम शाह ने निर्देशित किया है। सोहम शाह ने बताया,फिल्म की कहानी मेरे दिमाग में कई साल पहले से थी, जब मैंने फिल्म काल बनाई थी। हालांकि, तब इस फिल्म को लेकर मेरा नजरिया अलग था। कोरोना काल में जब मैंने फिल्म निर्माण के तरीके और कहानियों के प्रति दर्शकों की पसंद में बदलाव देखा तो मेरा नजरिया पूरा बदल गया।डेढ़– दो वर्षों में मैंने फिर से इसकी स्क्रिप्ट लिखी और फाइनल ड्राफ्ट तैयार किया। कर्तम भुगतम शीर्षक तो मेरे मन में पहले दिन से था, लेकिन मैं इस बात को लेकर सुनिश्चित नहीं था कि पता नहीं इसको लेकर निर्माताओं और दर्शकों की क्या प्रतिक्रिया होगी। फिल्म कर्तम भुगतम 17 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# लंदन में अगस्त में शुरू होगी 'हाउसफुल 5' की शूटिंग

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की फिल्म हाउसफुल 5 की शूटिंग लंदन में अगस्त में शुरू होगी। अक्षय कुमार स्टारर फिल्म हाउसफुल 5 की चर्चा काफी समय से हो रही थी। हाउसफुल 5 को लेकर एक अपडेट सामने आया है। कहा जा रहा है कि निर्देशक तरुण मनसुखानी फिल्म हाउसफुल 5 के लिए लोकेशन की खोज में लंदन जा रहे हैं।तरुण इस महीने से फिल्म का प्री प्रोडक्शन काम शुरू कर देंगे। फिल्म से जुड़े ज्यादातर कलाकार कास्ट किए जा चुके हैं।फिल्म के अधिकांश हिस्से लंदन में शूट किए जाएंगे। तरुण अपनी फिल्म लंदन के ऐसे स्थानों पर शूट करना चाहते हैं, जो पहले हिंदी फिल्मों में न दिखाई गई हो। फिल्म का प्री प्रोडक्शन काम जून तक चलेगा। उसके बाद अगस्त में पूरी फिल्म की टीम शूटिंग के लिए लंदन रवाना होगी। लंदन जाने से पहले फिल्म की पूरी टीम मुंबई में ही फिल्म से जुड़ी रिहर्सल और बाकी तैयारियां भी करेंगी। साजिद नाडियाडवाला निर्मित फिल्म हाउसफुल 5 ,06 जून 2025 को सिनेमा घरों में रिलीज होगी।

# 'चंदू चैंपियन' का पहला पोस्टर जारी

मुंबई/एजेन्सी

कार्तिक आर्यन की अपकमिंग फिल्म 'चंदू चैंपियन' का पहला पोस्टर बुधवार को रिलीज कर दिया गया है। कार्तिक आर्यन ने खुद इसे अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया है। कार्तिक आर्यन ने फिल्म का पोस्टर रिलीज करते हुए कैप्शन में लिखा, चैंपियन आ रहा है। मेरे करियर की सबसे खास और चुनौतीपूर्ण फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। पोस्टर देखकर एक बात तो दावे से कही जा सकती है कि कार्तिक का ऐसा अवतार पहली बार देखने को मिलेगा। कबीर खान के निर्देशन में बनी फिल्म 'चंदू चैंपियन' पैरालंपिक गोल्ड मैडलिस्ट मुरलीकांत पेटकर की बायोग्राफिकल स्पोर्ट्स ड्रामा मूवी है। पोस्टर में कार्तिक आर्यन काफी लीन बॉडी वाले लुक में नजर आ रहे हैं। उन्होंने लंगोट पहना हुआ है और मिट्टी से सने हुए वो दौड़ लगा रहे हैं। फर्स्ट लुक में कार्तिक आर्यन बेहद कॉन्फिडेंट लगने के साथ खुलकर सामने आए हैं। उन्होंने फिल्म में अपने किरदार के लिए वजन कम किया है और दमदार फिजीक बनाई है, जो पोस्टर में साफ झलक रहा है।

कार्तिक आर्यन की यह पोस्ट कुछ ही मिनटों में वायरल हो गई है और कमेंट सेक्शन में ढेरों लोगों ने अपने रिएक्शन दिए हैं। फिल्म सिनेमाघरों में 14 जून को रिलीज होने जा रही है। कार्तिक आर्यन के एक फॉलोअर ने कमेंट सेक्शन में लिखा, हमें साफ नजर आ रहा है कि तुमने कितनी कड़ी मेहनत की है। नयनदीप रक्षित ने लिखा, यह फिल्म तुम्हारे लिए गेम चेंजर साबित होगी रक्षित। एक यूजर ने कमेंट किया, एक पल के लिए




पहचान ही नहीं पाया। लेकिन क्या कमाल लुक है। एक शख्स ने लिखा, रोंगटे खड़े हो गए। एक यूजर ने चौंकने वाले इमोजी बनाते हुए लिखा– क्या ट्रांसफॉर्मेशन है भाई। एक शख्स ने लिखा– क्या... यह वाकई कार्तिक आर्यन है? यकीन नहीं हो रहा। कड़ी मेहनत का फल जरूर मिलता है। एक सोशल मीडिया यूजर ने लिखा– मेरे पास शब्द नहीं हैं। दो साल की कड़ी मेहनत। बिना चीनी के और सख्त डायटिंग के साथ। यह उसके लिए बहुत मुश्किल रहा होगा। इसी तरह के ढेरों कमेंट इस पोस्टर पर किए गए हैं। पोस्टर के टॉप पर फिल्म की पंचलाइन लिखी गई है। इंसान जिसने हार मानने से इनकार कर दिया। साजिद नाडियाडवाला प्रोडक्शन की इस फिल्म का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। अनाउंसमेंट के वक्त से ही यह फिल्म लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। कार्तिक आर्यन ने पोस्टर की रिलीज से पहले कल एक फनी वीडियो पोस्ट किया था जिसमें उन्होंने कहा कि आज पोस्टर रिलीज करना था लेकिन उनकी कुतिया ने पोस्टर ही फाड़ दिया।

www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

अक्षय तृतीया का पवित्र दिन जैन धर्म के अनुसार इस युग के भिक्षा विधि के प्रारम्भ का दिन हैं। इस दिन भगवान ऋषभदेव के एक वर्ष से ऊपर की तपस्या का पारणा हुआ था। भगवान ऋषभ का तप अनुपमेय था। भगवान ऋषभ इस युग के प्रथम राजा कहलाए, प्रथम मुनि बने, प्रथम भिक्षुक कहलाए और प्रथम तीर्थंकर बने। भगवान ऋषभ का जीवन समग्रता लिए हुए था। जिन्होंने समाज के लिए भी अपना समय लगाया, लोगों को असि, मषि, कृषि का प्रशिक्षण दिया और बाद में साधना में लीन बने।



# शैक्षणिक सत्र 24-25 के लिए जीतो स्कॉलरशिप सेवा प्रारंभ

## जरुरतमंदों को जीतो कार्यालय से सम्पर्क करने का किया निवेदन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शिक्षा, सेवा एवं आर्थिक सुदृढ़ता के लिये समर्पित जीतो बेंगलूरु की अति महत्त्वपूर्ण योजना जैन बंधु योजना के अंतर्गत संचालित 'जीतो स्कॉलरशिप' का शैक्षणिक सत्र 24-25 की शुरुआत जीतो कार्यालय में हुई। जीतो अपेक्स के सलाहकार समिति के अध्यक्ष तेजराज गुलेच्छा ने इस अवसर पर कहा कि जैन बंधु योजना के अन्तर्गत संचालित इस मासिक अर्थ सहयोग व स्कॉलरशिप सेवा से जीतो के स्थापना का उद्धेश्यों की पूर्ति हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा व प्रतिकूल व्यापारिक हालातों, कोरोना काल में बिगड़ी स्थिति तथा अन्य सामाजिक परिस्थितियों के कारण समाज के निम्न मध्यम परिवारों को अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और ऐसी परिस्थिति में जैन बंधु जैसी जनुपयोगी योजना से जरूरतमंदों को राहत मिलती है। उन्होंने परिस्थितिनुसार ज्यादा से ज्यादा सहायता पहुँचाने का निर्देश स्कॉलरशिप समिति को दिए।


इस अवसर पर उपस्थित जीतो बेंगलूरु साउथ के अध्यक्ष दिनेश बोहरा ने जीतो सदस्यों व जैन समाज से ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंदों को स्कॉलरशिप हेतु जीतो कार्यालय से सम्पर्क करने का निवदेन किया। उन्होंने कहा कि जीतो अंतिम जरूरतमन्द तक पहुंचने के लिए कटिबद्ध हैं। जीतो नॉर्थ के अध्यक्ष इंदरचंद बोहरा ने पिछले कई वर्षों से गतिमान इस योजना के सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। जीतो जैन बंधु योजना के अध्यक्ष अशोक गजानन ने जरूरतमंदों से बिना किसी हिचकिचाहट के जीतो कार्यालय आकर स्कॉलरशिप फार्म के साथ आवश्यक दस्तावेज देने का अनुरोध किया।

योजना के मंत्री सिद्धार्थ बोहरा के अनुसार योजना में समाज के आर्थिक रूप से कमजोर तबके को लाभांवितों की श्रेणी में रखा गया है। उन्होंने योजना में सहायक बन रहे आदर्श कॉलेज, अरिहंत कॉलेज, सीबी भंडारी कॉलेज, जैन कॉलेज एवं सुराणा कॉलेज के व्यवस्थापकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्कॉलरशिप समिति के नीतेश गांधी, निर्मल बाफना, दिलीप रायसोनी आदि भी मौजूद थे।

# झील में मिली तीर्थंकर प्रतिमा देवालय में स्थापित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मट्टतारी (तिरुवन्नामलै)। पिछले सप्ताह तिरुवन्नामलै जिले के आरणी तालुक के छोटे-से गांव मट्टतारी के पास झील में एक तीर्थंकर प्रतिमा मिली। शसुन जैन कॉलेज में काम करने वाले मट्टतारी निवासी जयशंकर ए. को इस प्रतिमा की जानकारी मिली तो उन्होंने अहिंसा वॉक के कोषाध्यक्ष सौंदरमेंदिरन को सूचना दी। अहिंसा वॉक के सहयोग से गांव में ही एक देवालय बनाकर प्रतिमा को प्रतिष्ठित किया गया। साहित्यकार डॉ. दिलीप धींग ने बताया कि यह प्राचीन तीर्थंकर प्रतिमा अर्ध पद्मासन में है। प्रतिमा के दोनों ओर दो शासन देव चँवर डुलाते हुए, मस्तक के ऊपर तीन छत्र और उसके ऊपर अशोक वृक्ष का कलात्मक अंकन है। मस्तक के आसपास आभामंडल उत्कीर्ण है। अपने गांव में होने वाले इस सादगी भरे आयोजन में जयशंकर ने श्रद्धा-भक्ति से कार्य किया।



प्रतिष्ठा से पूर्व कीचड़ से सनी मूर्ति को स्वच्छ पानी से धोया गया। पवित्र द्रव्य से अभिषेक किया गया। श्रीफल, मंगल कलश, पुष्पादि के साथ मूर्ति स्थापना के बाद प्रसाद बांटा गया। मूर्तिशिल्प, कला और धरोहर को सहेजने वाले इस सराहनीय कार्यक्रम में ग्रामवासियों ने उत्साह से भाग लिया। जिनकांची मठ के युवा भट्टारक इलैस्वामी एवं अहिंसा वॉक के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।



# अणुव्रत की आचार संहिता को अपनाएं, छोटे-छोटे संकल्पों से बड़े लक्ष्य को पाएं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली। अणुव्रत समिति गाजियाबाद ने अणुव्रत आचार संहिता पर आधारित अणुव्रत काव्यधारा का केबीसी बैंक्विट हॉल सूर्यनगर में आयोजन किया।अणुविभा के महामंत्री भीखमचंद सुराणा ने मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। काव्यधारा के मुख्य आकर्षण गाजियाबाद जिला अधिकारी इंद्र विक्रम सिंह की उपस्थिति और उनके शानदार वक्तव्य से सब अभिभूत हो गए। निगम पार्षद कृष्ण शशि खेमका, वन विभाग के अधिकारी विकास सिंटोरिया, अणुविभा की संगठन मंत्री डॉ कुसुम लुनिया, काव्यधारा के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. धनपत लूनिया व विभिन्न समाज के पदाधिकारीगण की भी गरिमामय उपस्थिति रही।

खचाखच भरे हॉल में सुप्रसिद्ध कवि गजेन्द्र सोलंकी, मंच संचालक डॉ. कीर्ति कॉले, हास्य कवि ओमप्रकाश कल्याणे, प्रियंका राय (वीर रस), सुधा संजीवनी आदि सभी रचनाकारों ने अणुव्रत आधारित काव्यपाठ से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। गजेंद्र सोलंकी द्वारा महावीर स्तुति व अणुव्रत आचार संहिता पर आधारित रचनाओं से कार्यक्रम में चार चांद लग गए। डा. कीर्ति काले की अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य तुलसी के जीवन पर आधारित रचना से हॉल के सभी लोग तालियां बजाते हुए हर्ष विभोर होकर काव्य सम्मान में खड़े हो गए। मंचीय कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष शरद वार्ष्णेय ने किया, जिसे सभी ने खूब सराहा।

अणुव्रत समिति की अध्यक्षा कुसुम सुराणा ने जिलाधिकारी का आभार ज्ञापन किया और प्रोग्राम में आए सभी का हार्दिक स्वागत किया। डॉ. कुसुम लुनिया ने अपने सारगर्भित वक्तव्य के साथ अणुव्रत आचार संहिता के तीन संकल्प इस मंच के माध्यम से परिषद को दिलवाए। तीनों संकल्पों को सभी ने दोहराकर स्वीकार किया।

अणुव्रत समिति गाजियाबाद के एक के बाद एक सफल कार्यक्रमों के लिए सभी ने खूब बधाई दी। कार्यक्रम के संयोजक हेमंत सुराणा और उनकी टीम ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जी जान से मेहनत की और उस मेहनत का नतीजा यह रहा कि कार्यक्रम खूब शानदार रहा। सभी गणमान्य लोगों को मंत्री अनिल लुनिया , कोषाध्यक्ष महेंद्र घीया आदि ने पटका पहना कर स्वागत किया व कविगण और अर्थ सहयोगियों को अणुव्रत आचार संहिता का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। सभी का आभार ज्ञापन उपाध्यक्ष विशाल संचेती ने किया।

# जिनशासन के अस्तित्व में महापुरुषों का महत्त्वपूर्ण योगदान : आचार्य महेन्द्रसागरसूरी



कोल्हापुर/दक्षिण भारत। शहर के संभवनाथ जैन श्वेताम्बर जैन संघ द्वारा आयोजित प्रवचन में आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीजी ने कहा कि भगवान महावीर प्रभु द्वारा प्रवर्तित एकांत हितकर लोकोत्तर धर्म शासन की मूल रूप में सबसे बड़ा उपकार श्रमण संघ करता आया है। इस श्रमण संघ की कई विरल विभूतियां स्व आराधना के साथ जिनशासन की सेवा-रक्षा और प्रभावना का कार्य निष्ठापूर्वक अदा करते है। इन कार्यों से ही प्रभु का यह धर्म शासन स्व मंगल और सर्व मंगल के उच्चारणों से घोषित हो रहा है। जिनशासन के प्रचार व प्रभुत्त्व में अनेक ऐसे महापुरुष होंगे जिसका नाम हम नहीं जानते, ऐसे महापुरुष महान है।

## वियतनाम यात्रा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




जीतो यूथ बेंगलूरु नॉर्थ के 55 सदस्यीय टीम 'यात्रा डिस्कवर वियतनाम' पर रवाना होगी। यह टीम हनोई, हालोंग बे, दा नांग और हो ची-मिन्ह स्थलों का दौरा करेंगे। यात्रा से पूर्व आयोजित तैयारी बैठक में यूथ चेयरमैन मनीष कोठारी ने यात्रा की जानकारी दी। मुख्य सचिव ख़ुशी पोरवाल ने आवश्यक नियम बताए। परियोजना संयोजक व उपाध्यक्ष निशांत जैन और यश मेहता ने यात्रा की व्यवस्थाओं की जानकारी दी।



# पावापुरी जल मंदिर के शिखर पर धूमधाम से हुआ ध्वजारोहण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। शहर के महावीर जिनालय ट्रस्ट के प्रांगण में पावापुरी जल मंदिर का 9वां ध्वजारोहण कार्यक्रम साध्वीश्री विर्तिपूर्णश्रीजी के सान्निध्य में मनाया गया। सुमतिनाथ महिला मंडल की सदस्याओं ने स्नात्र पूजा के साथ सतरभेदी पूजा पढ़ाई। साध्वीश्री की निश्रा में शोभायात्रा के साथ ध्वजारोहण पूजा की गई तथा लाभार्थी चम्पालाल गुलाबचन्द जैन परिवार के सदस्यों ने पूरे विधि विधान से मंदिर शिखर पर ध्वजारोहण किया। इस मौके पर अष्ट प्रकारी वार्षिक चढ़ावे भी सम्पन्न हुए। ट्रस्ट द्वारा लाभार्थी परिवार का सम्मान किया गया। जैन चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष कांतिलाल चौहान, उपाध्यक्ष वसंत राठौड़, सचिव प्रवीण दांतेवाड़िया, कोषाध्यक्ष पारस सतावत, सहसचिव घेवरचंद सतावत, ट्रस्टी अशोक दांतेवाड़िया, कांतिलाल भंडारी, हंसराज पगारिया, हीराचंद जैन, जयंतीलाल जैन, फूटरमल जैन, मांगीलाल जैन, भवरलाल जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



# इनरवियर वार्षिक ट्रेड फेयर के स्टॉल बुकिंग में दिख रहा है उत्साह

## गायत्री विहार सभागार में 16 जुलाई से होगा तीन दिवसीय ट्रेड फेयर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक इनरवियर एसोसिएशन (किया) के तत्वावधान में 16 से 18 जुलाई तक आयोजित तीन दिवसीय ट्रेड फेयर का आयोजन पैलेस ग्राउंड स्थित गायत्री विहार सभागार में किया जा रहा है।

इस संबंध में एसोसिएशन की तैयारी बैठकें शुरु हो चुकी है। गुरुवार को आयोजित बैठक में स्टाल बुकिंग के संदर्भ में विस्तार से चर्चा हुई। आयोजकों ने बताया कि इस वर्ष ट्रेड फेयर के स्टॉल विस्तार किए गए है तथा लगभग 100 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे। बताया गया कि 80 प्रतिशत स्टॉल बुक भी हो चुके हैं। इस बैठक में भोजन, आवास, निवास व्यवस्थाओं के संबंध में भी गहन चर्चा हुई तथा बाहर ने आने वाले व्यापारियों के आवास व्यवस्था पर अनेक निर्णय लिए गए। इनरवियर व्यापार के विकास व नेटवर्किंग के लिए आयोजित इस ट्रेड फेयर में फैशन शो आयोजित करने पर विचार विमर्श हुआ। इस बैठक में अध्यक्ष दिलीप जैन, उपाध्यक्ष अश्विन सेमलानी व महावीरचन्द मेहता, सचिव रविन्द्र बम्बोली, कोषाध्यक्ष प्रकाश जैन, सहसचिव सैंकी जैन, सहकोषाध्यक्ष विनोद चौहान, पूर्व अध्यक्ष ओकचन्द जैन, मूलसिंह राजपुरोहित, राजेश चौपड़ा, महेन्द्र जैन, महिपाल जैन, गौरव शर्मा, मनीष जैन आदि अनेक सदस्य उपस्थित थे।



# जीने के लिए पूरा तामझाम चाहिए, मरने के लिए एक श्वास का रुकना पर्याप्त है : आचार्यश्री प्रसन्नसागर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के वीवी पुरम स्थित संभवनाथ जैन भवन में गतिमान धर्म व संस्कार शिविर में तीसरे दिन आचार्यश्री प्रसन्नसागर जी महाराज ने शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि दीपक जलाने में पाँच चीजें चाहिये, बाती, दीपक, घी, माचिस और तेज हवा से रहित वातावरण। जबकि दीपक बुझने में एक मात्र फूंक लगाना ही पर्याप्त है अर्थात बनाने में पूरी उम्र लग जाती है। जीने के लिए पूरा ताम झाम चाहिए, मरने के लिए एक श्वाँस का रुकना पर्याप्त है। संतश्री ने कहा कि तीन बातें सत्य हैं इस जीव की



मौत सुनिश्चित है, साथ कुछ भी जाने वाला नहीं है, जो जैसा करेगा, वो वैसा ही फल भोगेगा। माता-पिता, गुरु और धर्म इनके उपकारों से हम कभी उऋण नहीं हो सकते हैं। व्रत, उपवास, दान आदि आप नहीं कर सकते तो कोई बात नहीं, जो यह कार्य कर रहे हैं, उनकी अनुमोदना जी खोल कर करो और परमात्मा से प्रार्थना करो कि हे परमात्मा ऐसी शक्ति मुझे भी देना। आचार्यश्री ने कहा कि समता, मंद कषायी, विनम्रता, सरलता, अल्पपरिग्रही, वाणी में मधुरता मनुष्य आयु का बंध कराती है। व्रत, नियम,संयम ,स्वभाव की निर्मलता, शीलव्रतों को धारण करना देव आयु का बन्ध कराती है । अच्छे मार्ग पर छल- कपट करना, झूठा उपदेश देना, देव-शास्त्र-गुरु पर दोषारोपण करना तिरयंच आयु का बंध कराती है।

जब कुत्ता भी णमोकार मंत्र सुनकर देव बन सकता है, तो तुम भी णमोकार मंत्र के सही श्रद्धा से भगवान बन सकते हो। प्रवर्तक डॉ मुनिश्री सहजसागरजी ने कुलाचार, प्रति दिन देव दर्शन करना, गृहस्थाश्रम में देव-शास्त्र- गुरु-गुरु की पूजा, गुणगान करना, पुण्य का सिलेबस बनाना जरुरी है ।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## गुरु दर्शन

मैसूरु की आदिश्वर वाटिका में विराजित साध्वी के दर्शनार्थ मैसूर के सहायक पुलिस आयुक्त परशुरामाप्पा पहुंचे। साध्वियों ने सहायक पुलिस आयुक्त का आशीर्वाद प्रदान किया तथा समाज के कांतिलाल डागा, कांतिलाल पटवारी, गौतम सालेचा ने उनका सम्मान किया।

## उत्साहवर्धन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के नागरभावी स्थित डॉ आंबेडकर इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी में 'संस्कृत 2024' के अंतर्गत गुरुवार को खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्रिकेट, वॉलीबॉल, कबड्डी, थ्रो बॉल एवं विभिन्न स्पर्धा में 20 से भी ज्यादा महाविद्यालय की टीमों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सपने बड़े देखो और उन्हें पूरा करने के लिए मेहनत करो। मेहनत से सब कुछ संभव है। आयोजकों ने मुणोत का सम्मान किया।



## सम्मान

बेंगलूरु के आई पंथ के धर्मगुरु दीवान माधवसिंहजी का बेंगलूरु प्रवास के अवसर पर सीरवी समाज के लिंगराजपुरम बडेर से अध्यक्ष नारायणलाल परिहार, सहसचिव जुगराज चोयल,पूर्व अध्यक्ष चोलाराम चोयल, प्रभुराम काग, देवसन्द्रा बडेर के अध्यक्ष नेतीराम काग, सचिव मोहनलाल मुलेवा, पूर्व अध्यक्ष दुर्गाराम राठौड़, मोहनलाल गेहलोत, होसकोटे बडेर के अध्यक्ष कानाराम परिहारिया, पूर्व अध्यक्ष भुण्डाराम बर्फा, सूचना मंत्री रमेश परिहारिया, कोतनूर वडेर के अध्यक्ष जीवाराम सहित अनेक सदस्यों ने बेंगलूरु हवाईअड्डे पर उनका स्वागत सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# युवती की हत्या के मामले में कथित निष्क्रियता पर दो पुलिसकर्मी निलंबित

हुब्बल्ली। कर्नाटक के हुब्बल्ली जिले में विवाह प्रस्ताव अस्वीकार किए जाने पर युवक द्वारा चाकू मारकर युवती की हत्या के मामले में कथित तौर पर दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही के आरोप में एक पुलिस निरीक्षक और एक महिला हेड कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया है। दोनों पुलिसकर्मियों पर आरोप है कि उन्होंने वीरपुर ओनी इलाके की निवासी अंजलि अम्बिगेरा (20) की उस शिकायत पर कार्रवाई नहीं की जिसमें उसने 22 वर्षीय युवक विश्वा उर्फ गिरीश सावंत पर धमकी देने का आरोप लगाया था। अंजलि की बुधवार सुबह कथित तौर पर विश्वा ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने बताया कि पुलिस उपायुक्त स्तर के अधिकारी द्वारा की गई आंतरिक जांच और उनकी रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। हुब्बल्ली-धारवाड़ की पुलिस आयुक्त रेणुका सुकुमार ने बेंडीगेरी पुलिस थाने के निरीक्षक सी.बी.चिक्कोडी और हेड कांस्टेबल रेखा हवराड्डी को काम में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया है। पीड़िता के परिवार ने आरोप लगाया कि उसने पुलिस से संपर्क किया था और आरोपी द्वारा धमकी दिए जाने की शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि आरोपी ने अंजलि को धमकी दी थी कि उसका अंजाम भी नेहा हिरेमथ की तरह ही होगा जिसकी 18 अप्रैल को उसके पूर्व सहपाठी ने कॉलेज परिसर में ही चाकू मारकर हत्या कर दी थी। परिवार का आरोप है कि शिकायत के बावजूद पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा-302 (हत्या) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है और उसे पकड़ने के लिए टीम बनाई गई है।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.